# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 149

ग्वालियर, सोमवार, 19 जुलाई, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


साधना

पावन श्रावण मास 25 जुलाई 2021 से प्रारंभ होकर 22 अगस्त 2021 तक रहेगा

## 26 जुलाई को पड़ेगा सावन का पहला सोमवार

**मुंबई, (ए)।**

भगवान शिव की साधना के लिए सबसे शुभ माना जाने वाला पावन श्रावण मास 25 जुलाई 2021 से प्रारंभ होकर 22 अगस्त 2021 तक रहेगा। वैसे तो पूरा श्रावण मास ही भगवान भोलेनाथ की पूजा के लिए अत्यंत शुभ है लेकिन श्रावण मास में पड़ने वाले सोमवार को अत्यंत मंगलकारी माना गया है। सोमवार के दिन भगवान शिव की पूजा का विशेष विधान है। तो आइए जानते हैं ?कि इस साल 29 दिनी सावन माह में शिव कृपा दिलाने वाले सोमवार व्रत को कब और कैसे करें।

श्रावण मास के सोमवार के दिन भोले भंडारी की पूजा करने का विशेष महत्व है क्योंकि इस दिन साधना करने वाले साधक पर भगवान शिव की विशेष कृपा बरसती है। तो आइए जानते हैं सभी मनोकामनाओं को पूरा कराने वाले श्रावण सोमवार व्रत का महत्व और विधि-

### - कब से शुरु करें सोमवार व्रत

भगवान शिव का आशीर्वाद दिलाने वाले सोमवार व्रत को आप आने वाले श्रावण अथवा कार्तिक, चैत्र, मार्गशीर्ष, वैशाख, आदि मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम सोमवार से प्रारंभ कर सकते हैं। शिव कृपा दिलाने वाले इस व्रत को प्रारंभ करने के बाद कम से कम 16 सोमवार जरूर पूरे करने चाहिए। हालांकि बहुत जगह सावन के पहले सोमवार से भी इस पावन व्रत को प्रारंभ करने की परंपरा है। इसलिए यदि आप चाहें तो आप अपने गुरु की आज्ञा लेकर इस व्रत को श्रावण मास के पहले सोमवार से भी शुरु कर सकते हैं।

### - सोमवार व्रत करने के विधि

सोमवार के दिन प्रातःकाल उठकर सबसे पहले पानी में काला तिल मिलाकर स्नान करें। इसके बाद पवित्र मन से भगवान शिव का स्मरण करते हुए सोमवार व्रत का संकल्प लें। फिर ?शिवलिंग की सफेद फूल, सफेद चंदन, पंचामृत, चावल, सुपारी, बेल पत्र, आदि से पूजा करें। पूजा के दौरान ÷? सों सोमाय नम÷ का मंत्र लगातार जपते रहें। शिव के मंत्र का जप हमेशा रुद्राक्ष की माला से करें।

### - कब करें सोमवार व्रत का उद्यापन

सोमवार के व्रत का उद्यापन श्रावण, वैशाख, कार्तिक, चैत्र एवं मार्गशीर्ष आदि मासों में ही करना चाहिए। श्रावण के सोमवार में नमक का सेवन नहीं करना चाहिए। हालांकि यह नियम बीमार व्यक्तियों पर नहीं लागू होता है।

### - कब-कब पड़ेगा सावन का सोमवार

सावन का पहला सोमवार- 26 जुलाई 2021
सावन का दूसरा सोमवार- 02 अगस्त 2021
सावन का तीसरा सोमवार- 09 अगस्त 2021
सावन का चौथा सोमवार- 16 अगस्त 2021

टूरिस्ट स्पॉट पर फिर उमड़ी भीड़

## PM मोदी की हिदायत बेअसर, शिमला और चंडीगढ़ पहुंचे हजारों टूरिस्ट

नोएडा में लगा लंबा जाम

**नई दिल्ली**

घूमने-फिरने के शौकीन लोगों ने प्रधानमंत्री की सलाह को भी नजरअंदाज कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 जुलाई को पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात करते हुए हिल स्टेशन में भीड़ उमड़ने पर चिंता जताई थी।

इसके बाद भी देशभर में टूरिज्म से जुड़े शहरों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। खासतौर पर पूर्वोत्तर राज्य हिमाचल प्रदेश में पहुंचने वालों की तादाद ज्यादा है। शिमला में पिछले एक महीने से वीकेंड पर भारी भीड़ दिखाई दे रही है। यहां बेवजह घूमने वालों का पुलिस चालान भी काट रही है।

एक सप्ताह पहले हिमाचल के सीएम जयराम ठाकुर ने बिना मास्क घूमने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद भी यहां घूमने के लिए दूसरे राज्यों से लोगों के आने का सिलसिला जारी है।

## वन-टू-वन

चीन में मंकी बी वायरस

### पहले मरीज की मौत, मृत बंदरों की चीर-फाड़ करने में संक्रमित हुआ था पशु चिकित्सक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोरोना से जूझ रही दुनिया के सामने अब मंकी बी वायरस का खतरा पैदा हो गया है। चीन में इस वायरस से संक्रमित मिले पहले व्यक्ति की बीजिंग में मौत हो गई। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने रविवार को यह जानकारी दी। बताया गया है कि मृत व्यक्ति बीजिंग का एक पशु चिकित्सक है। वह शोध करने वाली एक संस्था के लिए काम करते थे। मार्च की शुरुआत में दो मृत बंदरों को विच्छेदित करने के एक महीने बाद मतली और उल्टी के शुरुआती लक्षण दिखे थे। चीन के सीडीसी वीकली इंग्लिश प्लेटफॉर्म ऑफ चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन ने यह खुलासा किया है। इस पत्रिका ने कहा कि पशु चिकित्सक की 27 मई को ही मौत हो गई थी।

**मानव संक्रमण का पहला मामला**

चीन के इस पशु चिकित्सक के मंकी बी संक्रमित होने व उसके बाद मौत होने का यह पहला मामला है। शोधकर्ताओं ने अप्रैल में पशु चिकित्सक के मस्तिष्कमेरु द्रव को एकत्र किया था। जांच में उसमें मंकी बीवी वायरस पाया गया। इसके बाद इस पशु चिकित्सक के करीबी संपर्क के नमूने लिए गए, लेकिन उनमें वायरस नहीं मिला। यह वायरस 1932 में सामने आया था। यह सीधे संपर्क और शारीरिक स्राव के माध्यम से फैलता है। इसकी मृत्यु दर 70 से 80 फीसदी है।

### कच्छ में 3.9 की तीव्रता के भूकंप के झटके से लोगों में दहशत

**अहमदाबाद (ए)।** रविवार की दोपहर कच्छ में भूकंप के झटके से लोगों में दहशत फैल गई। वैसे तो कच्छ में भूकंप के झटके कोई नई बात नहीं ।शायद ही कोई दिन ऐसा जाता हो जब कच्छ के किसी हिस्से में झटका नहीं लगा हो। आज दोपहर के करीब 12.43 बजे कच्छ के भुज, भचाऊ, रापर और गांधीधाम में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.9 थी और इसका केन्द्र बिन्दू भचाऊ से 19 किलोमीटर दूर था। भूकंप से जमीन थर्राते ही लोग अपने अपने घरों से बाहर की ओर दौड़ पड़े। राहत की बात यह है कि भूकंप के झटकों से कोई नुकसान की खबर नहीं है। दोपहर को आए भूकंप की तीव्रता इतनी थी कि उसका असर भचाऊ, रापर, गांधीधाम और भुज तक दिखाई दिया।

## संसद का मानसून सत्र आज से

**नई दिल्ली, ए।**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र से पहले विभिन्न दलों के नेताओं के साथ बैठक की। बैठक के बाद लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि संसद का मानसून सत्र 19 जुलाई से 13 अगस्त तक चलेगा जिसमें कुल 19 बैठकें होंगी। संसद की कार्यवाही के दौरान कोरोना नियमों का पालन होगा। मेरी सभी पार्टियों के साथ चर्चा हुई। संसद में विभिन्न मुद्दों पर सार्थक और सकारात्मक चर्चा होनी चाहिए। इस सत्र में छोटे दलों को भी पर्याप्त समय दिया जाएगा...

इससे पहले संसद परिसर में पीएम मोदी की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पीएम मोदी ने संसद के कामकाज के सुचारू संचालन और

उक्त कानूनों को पारित कराने के लिए सभी दलों से सहयोग मांगा। संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बताया कि इस सत्र के दौरान सरकार की ओर से कुल 31 विधेयकों पर चर्चा कराए जाने की संभावना है। सरकार ने 29 विधेयक लाने का प्रस्ताव किया है। इसमें छह अध्यादेश हैं जो बजट सत्र के बाद पारित किए गए थे जबकि वित्त से संबंधित दो विधेयक हैं।

सर्वदलीय बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि सरकार संसद में विभिन्न मुद्दों पर स्वस्थ और सार्थक चर्चा को तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- सभी मसलों पर लोकतांत्रिक तरीके से चर्चा की जानी चाहिए और सभी दलों को सदन चलाने में सहयोग करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष के सुझाव मूल्यवान हैं क्योंकि वे चर्चा को समृद्ध बनाते हैं। इस बैठक में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी ने भी हिस्सा लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी राजग के नेताओं के साथ भी बैठक की। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद थे। राजग के घटक दलों के नेताओं में अपना दल की नेता अनुप्रिया पटेल, जदयू के नेता राम नाथ ठाकुर, अन्नाद्रमुक के नेता ए नवनीतकृष्णन, आरपीआई के नेता रामदास आठवले और लोजपा के नेता पशुपति पारस शामिल थे। एनडीए नेताओं की यह बैठक सदन की रणनीति को अंतिम रूप देने के लिए बुलाई गई थी।

तीन फीसदी पॉजिटिविटी दर वाले राज्यों से

## UP आने वालों को लानी होगी निगेटिव RTPCR रिपोर्ट :सीएम योगी

**लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश में वैश्विक महामारी कोरोना वायरस संक्रमण पर काफी नियंत्रण कर चुके सीएम योगी आदित्यनाथ अब अन्य राज्यों से उत्तर प्रदेश में आने वालों को लेकर बेहद गंभीर है। सीएम योगी आदित्यनाथ का सख्त निर्देश है कि तीन फीसदी पॉजिटिविटी दर से अधिक वाले राज्यों से उत्तर प्रदेश आने वालों अपनी निगेटिव आरटीपीसीआर रिपोर्ट लानी होगी। इनमें जहाज के साथ ट्रेन तथा सड़क मार्ग से उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने वालों पर सख्ती की जाएगी। सीएम योगी आदित्यनाथ का सख्त निर्देश है कि सिर्फ चार दिन पहले की ही कोरोना निगेटिव जांच रिपोर्ट दिखाने के बाद उत्तर प्रदेश में प्रवेश मिलेगा। चार दिन से अधिक पुरानी रिपोर्ट मान्य नहीं होगी। इनके

अलावा टीकाकरण की दोनों डोज ले चुके लोगों को उत्तर प्रदेश में प्रवेश पर जांच की जरूरत नहीं होगी। इनको अपनी दोनों डोज की रिपोर्ट दिखानी पड़ेगी। उत्तर प्रदेश सरकार ने इसको लेकर एयरपोर्ट के साथ रेलवे स्टेशन तथा उत्तर प्रदेश को अन्य राज्यों से सड़क मार्ग से जोडने् वाले बॉर्डर पर भी सख्ती बढ़ा दी गई है। हाई कोविड पॉजिटिविटी दर वाले राज्यों से आने वालों की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग भी की जाएगी।

## गुरुग्राम में लग्जरी कार तस्करी रैकेट का खुलासा

### राजनयिकों के नाम पर विदेशों से मंगाते थे गाड़ियां

**मुंबई (ए)।** गुरुग्राम राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने गुरुग्राम में एक लग्जरी कार तस्करी रैकेट कै भंडाफोड़ किया है, जिसने राजनयिकों के नाम पर भारत में रेंज रोवर, लैंड क्रूजर जैसी 20 कारों की तस्करी करके 25 करोड़ रुपए से अधिक की टैक्स चोरी की थी। भारत आते ही इन कारों को निजी व्यक्तियों को बेच दिया जाता था। मामले में गुरुग्राम स्थित लग्जरी कार डीलरशिप बिग बॉय टॉयज के सीईओ निपुण मिगलानी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डीआरआई के अनुसार, निदेशालय को सूचना मिली थी कि कुछ लोग राजनयिकों के नाम पर भारत में हाई-एंड लग्जरी कारों की तस्करी में जुटे हैं। ये लोग बाद में इन कारों को सामान्य लोगों को बेच देते हैं। इससे भारी मात्रा में सीमा शुल्क की चोरी हुई है। एक अफ्रीकी राष्ट्र के दिल्ली स्थित राजनयिक के नाम पर आयात की गई ऐसी ही एक लग्जरी कार के बारे में सटीक सूचना मिलने पर डीआरआई के अधिकारियों ने पोर्ट पर वाहन के आगमन के बाद उस पर पैनी नजर रखी। सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के प्रावधानों के तहत कुल छह कारों को जब्त किया गया है।

## ममता की मोदी-शाह के गृह राज्य गुजरात में दस्तक की तैयारी

**अहमदाबाद (ए)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के गृह राज्य में दस्तक देने की तैयारी कर रही हैं। जानकारी है कि 21 जुलाई को टीएमसी शहीद दिवस मनाएगी। इस कार्यक्रम को ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल से वर्च्युअली संबोधित करेंगी। यह कार्यक्रम गुजरात में भी दिखाया जाएगा और इसके लिए गुजरात के बड़े बड़े शहरों में स्क्रीन लगाए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि अगले होनेवाले गुजरात विधानसभा के चुनाव से पहले ममता बनर्जी अपनी पार्टी का विस्तार करना चाहती हैं। इससे पहले आम आदमी पार्टी (आप) और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) गुजरात में दस्तक दे चुकी हैं।

यूपी चुनाव से पहले मायावती का बड़ा दांव

## बीएसपी करेगी ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन

अयोध्या में 23 को होगा ब्राह्मण सम्मेलन, बाद में अन्य स्थानों की तारीख तय की जाएंगी

**लखनऊ(ए)।** यूपी में विधानसभा चुनाव से पहले जातिगत आधारित राजनीति एक बार फिर शुरू होती हुई दिखाई दे रही है। बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी ) ने यूपी में ब्राह्मण सम्मेलन करने का फैसला किया है। इसकी शुरूआत बीएसपी महासचिव सतीश चंद्र मिश्र 23 जुलाई को अयोध्या से करेंगे। यूपी के सभी जिलों में बीएसपी का ब्राह्मण सम्मेलन होगा। बीएसपी महासचिव सतीश चंद्र मिश्र ने कहा कि 'बीएसपी हमेशा ब्राह्मणों को सम्मान देती है और हमारा नारा रहा है- सर्वजन हिताय,

सर्वजन सुखाय। सतीश मिश्र ने कहा कि अयोध्या में बजरंग बली के दर्शन कर ब्राह्मण सम्मेलन की शुरूआत करेंगे। अयोध्या के बाद जहां जहां ब्राह्मण सम्मेलन होना, उनकी तारीख अभी तय की जा रही है। बीएसपी के इस बड़े अभियान यानी ब्राह्मण सम्मेलन की अगले हफ्ते अयोध्या से होगी। बीएसपी का ब्राह्मण सम्मेलन 2007 के चुनावी अभियान के तर्ज पर होगा। लखनऊ में पूरे प्रदेश से 200 से ज्यादा ब्राह्मण नेता और कार्यकर्ता बीएसपी दफ्तर पहुंचे थे जहां आगे की रणनीति पर चर्चा हुई। माना जा रहा है कि बीएसपी साल 2022 की चुनावी तैयारी के लिए 2007 के फॉर्मूले पर वापस लौट रही है। जिसके तहत बीएसपी दलित-ब्राह्मण-ओबीसी वाले पुराने फॉर्मूले के साथ चुनावी समर में उतार सकती है। उत्तर प्रदेश में करीब 12 फीसदी ब्राह्मण मतदाता हैं। ऐसा कहा जाता है कि यूपी में ब्राह्मण जिस पार्टी को समर्थन करता है, यूपी में उसकी सरकार बन जाती है। साल 2007 के विधानसभा चुनाव में ब्राह्मणों का रूझान बीएसपी की तरफ था तो यूपी में मायावती की सरकार बन गई।

## संक्षिप्त समाचार

### जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड पोहरी में बैठक एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

शिवपुरी। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड पोहरी में बैठक व पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन सोनीपूरा हनुमान मंदिर पर किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया उपस्थित रहे। जिला समन्वयक श्री सिसोदिया ने वॉलिंटियर द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई एवं वालंटियर को वायुदूत ऐप पर पंजीयन करवाया व अधिक से अधिक संख्या में लोगों का वायुदूत ऐप पर पंजीयन हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमें अंकुर अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक पंजीयन करवाना है और वृहद स्तर पर वृक्षारोपण का कार्य करना है। मंदिर प्रांगण में पौधारोपण का कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक राधा शर्मा, मेंटर्स सीएमसीएलडीपी छात्र, वॉलिंटियर उपस्थित रहे।

### काम के अनुसार दी जाएगी बेरोजगारों को ट्रेनिंग - मुख्यमंत्री श्री चौहान

शिवपुरी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में मेरी पहली प्राथमिकता प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की दिशा में युवाओं को रोजगार के अनुसार ट्रेनिंग दी जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान निवास पर क्रिस्प के अधिकारियों के साथ प्रदेश में युवाओं को ÷रोजगार के अवसर÷ विषय के प्रस्तुतिकरण पर चर्चा कर रहे थे।

**एक लाख युवाओं को प्रतिमाह रोजगार का लक्ष्य**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में प्रतिमाह एक लाख युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। कोरोना संक्रमण का प्रभाव कम होने पर 54 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि मेरा रोजगार से आशय केवल इंजीनियर या डाक्टर जैसे उच्च पदों से ही नहीं है बल्कि एक फल का ठेला लगाने वाले को यदि रोजगार के लिए हम ऋण उपलब्ध करवाते हैं और वो अपना काम करता है तो वह भी रोजगार की श्रेणी में आता है।

**12 हजार युवाओं को ट्रेनिंग**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि मेरे बुरहानपुर प्रवास के दौरान स्थानीय 12 हजार युवाओं ने स्वयं के लिए रोजगार के प्रस्ताव दिए हैं। मैं चाहता हूँ कि इनकी इच्छा के अनुसार इन्हें भी काम के अनुरूप ट्रेनिंग दी जाए, जिससे वे अपना स्वयं का रोजगार शुरू कर सकें।

**ट्रायबल क्षेत्र में युवाओं को ट्रेनिंग**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ट्रायबल क्षेत्र में युवाओं को ट्रेनिंग उनकी ÷जरूरत और क्षमता÷ के अनुसार दी जाए। क्रिस्प द्वारा प्रदेश में युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से पंचवर्षीय योजना का प्रस्ताव रखा था। एक वर्ष में 25 हजार युवाओं को ट्रेंड किया जाएगा और आगामी पाँच वर्षों में एक लाख 25 हजार युवाओं को रोजगार के अनुसार ट्रेनिंग दी जाएगी।

**ग्रामीण उदयमी**

प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि ग्रामीण उद्यमी योजना के अंतर्गत ग्रामीण युवाओं को स्थानीय कार्य की आवश्यकता के अनुसार छोटे ब? कामों की ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्हें इलेक्ट्रीशियन, कारपेंटर, कृषि से जुडे कार्य आदि के संबंध में प्रशिक्षित किया जाएगा।

# एमपी आरडीसी विभाग ने नरवर सतनवाड़ा सड़क को बनाया लावारिस

शिवपुरी।

जिले में नरवर से सतनवाड़ा सड़क का कार्य काफी लम्बे समय से चल रहा है। कई वर्षों के बाद भी सड़क का कार्य पूरा नहीं कराया गया। जहाँ विभागीय अधिकारियों द्वारा ठेकेदार को भरपूर संरक्षण दिया जा रहा है। जिसके चलते सड़क ठेकेदार अपनी सुविधा के अनुसार काम कर रहा है। यह सड़क एम.पी.आर.डीसी विभाग ग्वालियर के अधीन है। विभाग की लापरवाही यहां साफ पर साफ तोर से दिखाई देती नजर आ रही है। सड़क के किनारे पर जगह-जगह गहरे गड्ढे तो कही बीच सड़क पर कई जगह गड्ढे साफ तौर पर दिखाई दे रहे हैं। जिसके चलते रास्ते पर आने जाने वाले यात्री वाहनों एवं बाइक चालकों को काफी परेशानियों का सामना उठाते हुए दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। कई बार तो इस सड़क पर दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है। परंतु इस ओर किसी वरिष्ठ अधिकारी का ध्यान क्यों नहीं जा रहा। इस सड़क से जिले में बैठे वरिष्ठ अधिकारी एवं कई राजनेताओं का आना जाना लगातार लगा रहता है पर अपनी लग्जरी गाड़ियों में बैठकर चलने वाले अधिकारियों एवं राजनेताओं द्वारा इस सड़क का कार्य पूर्ण कराने पर जोर क्यों नहीं दीया जा रहा यहाँ आने जाने वाले यात्रियों को हो रही परेशानियों का समाधान क्यों नहीं कराया जा रहा। जहाँ शासन और प्रशासन दोनों लापरवाह बने हुए नजर दिखाई देते नजर आ रहे हैं।

# महामारी से शोकित परिवारों को सांत्वना देने पहुंचे के.पी सिंह

### नये युवा आगे आये और क्रांति लाये पिछोर विधायक के.पी सिंह कक्काजू

शिवपुरी।

पूर्प केबिनेट मंत्री एवं पिछोर विधायक केपी सिंह कक्काजू महामारी के दौरान देहांत होने वाले परिवारों के यहां शोक सांत्वना देने पहुंचे। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता विजय चौकसे ने बताया कि कक्काजू शिवपुरी सहित पोहरी, भटनावर, कोलारस, लुकवासा, बदरबास, विजरौनी, दीगोध एवं मैगोना में शोक संतृप्त परिवारों के यहां सांत्वना देने पहुंचे और उन्हें ढांढस बंधाते हुए कहा कि जहां भी मेरी आवश्यकता प? वहां हमेशा आपके साथ हूं। इस दौरान पहुंचे पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इंसान की उम्र ब?ने के साथ शरीर की ऊर्जा कम होती जाती है इसलिए देश के विकास को सही दिशा में आगे ब?ने के लिए नए युवा राजनीति एवं अन्य क्षेत्रों में आगे आयें और एक नई क्रांति लाएं शोकित परिवारों में शिवपुरी में वाजिद अली, केके खण्डेलबाल, चन्द्रप्रकाश वर्मा, विनोद सेंगर, लक्ष्मीनारायण धाक?, सर्वेश अरोरा, गोविन्द गर्ग, पुनीत शर्मा, उपेन्द्र तोमर, जकी एवं फसी खान, करीम मियां, मोनू रजक व बब्बू नागर के यहां तथा पोहरी में अशोक शर्मा पण्डा, भटनावर में आचार्य सुरेन्द्र त्रिवेदी, विजरौनी में आजाद वर्मा, लुकवासा में इन्द्रभान सिंह रघुवंशी, दीगोध में लम्पू सरपंच मैगोना में रामवीर सिंह यादव, बदरवास में घनश्याम बिंदल के यहां जाकर शोक व्यक्त किया। इस दौरान रास्तों में कई स्थानों पर कक्काजू का स्वागत भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों द्वारा किया गया। केपीसिंह कक्काजू के इस दौरे में कांग्रेस जिलाध्यक्ष पं. श्रीप्रकाश शर्मा, राजेन्द्र गर्ग, बासित अली, विजय चौकसे, संजय बेचैन, राजेश बिहारी पाठक, मोहित अग्रवाल, लालू रघुबंशी, केके खण्डेलवाल, नरेन्द्र जैन भोला, सरबन धाक?, राजेन्द्र गुर्जर, आलोक शुक्ला, राजकुमार यादव, आफाक अन्सारी, बंटी शर्मा, अर्जुन इकलोदिया, सिद्वार्थ चौहान, मोनू रजक आदि कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## एसडीएम करैरा ने दिए खुले नलकूप, कुआँ आदि के मरम्मत व ढकने के निर्देश

शिवपुरी।

एसडीएम श्री अंकुर गुप्ता ने करेरा व नरवर जनपद पंचायत व नगर पंचायत अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्र में पुराने कुआं, नलकूप जो खुले व मरम्मत योग्य हो, उनके मरम्मत कराये व ढकने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें, जिससे कोई अनहोनी न हो सके। उल्लेखनीय है कि विदिशा जिले के गंजबासौदा के पुराने कुएं में 10 लोगों की गिरने से मौत हो गयी। इस प्रकार की कोई घटना घटित न हो, इसलिए सभी सम्बन्धित अधिकारी खुले बोर, नलकूप, कुँए आदि मरम्मत करने की कार्यवाही की जाये व दो दिवस में प्रतिवेदन भेज कर अवगत कराएं।

## पोहरी में लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर

शिवपुरी।

खबर जिले के पोहरी क्षेत्र की हैं जहाँ लगातार हुई 4 घंटे की तेज बारिश से नदी-नाले उफान पर आ गए। वहीं पोहरी से लगे हुए एक दर्जन गांव का संपर्क टूट सा गया हैं । बता दें कि बीते एक हफ्ते से बारिश नहीं हो रही थी जहाँ तेज गर्मी, उमस से लोग काफी परेशान हो गए थे। लेकिन शनिवार की शाम से जिले में बारिश ने अपनी आमद दर्ज करवाई और इस तरह बरसे की कई ग्रामीण क्षेत्रों में नदी-नाले उफान पर आ गए। वहीं रविवार को पोहरी क्षेत्र में हुई लगातार तेज बारिश से नदी-नाले सहित छर्च बिलौआ नदी उफान पर आ गई। एवं छर्च क्षेत्र से लगे हुए लगभग एक दर्जन गांवों का संपर्क पोहरी मुख्यालय से टूट गया। नदी के उफान पर आते ही मौके पर पुलिस तैनाद कर दी गई है। जिससे कोई हादसा घटित न हो सके।

## शिवपुरी जिले में 180.61 मिमी औसत वर्षा दर्ज

शिवपुरी

शिवपुरी जिले में 1 जून 2021 से अभीतक 180.61 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले में गत वर्ष आज दिनांक तक 171.28 मि.मी.औसत वर्षा हुई थी। भू-अभिलेख शिवपुरी के अधीक्षक ने बताया कि जिले की औसत वर्षा 816.3 मि.मी. है। गत वर्ष जिले में कुल 822.4 मि.मी. वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। उन्होंने बताया कि अभी तक शिवपुरी में 184 मि.मी., बैरा? में 237 मि.मी., पोहरी में 141 मि.मी., नरवर में 290 मि.मी., करैरा में 189 मि.मी., पिछोर में 118 मि.मी., कोलारस में 186 मि.मी., बदरवास में 135 मि.मी. एवं खनियाधाना में 145 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

# अंकुर अभियान के तहत युवाओं ने लगाए नीम एवं आंवला के एक दर्जन पौधे

शिवपुरी।

जिले में अंकुर अभियान के तहत पौधारोपण किया जा रहा है। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के द्वारा भी युवाओं एवं समाजसेवी संस्थाओं से पौधे लगाने की अपील की गई है। जिसके तारतम्य में शक्तिशाली महिला संगठन द्वारा युवाओं को साथ लेकर नीम, आंवला एवं पीपल के एक दर्जन से अधिक पौधे बाणगंगा मंदिर परिसर में लगाए गए। इस पौधारोपण अभियान में आज ऐसे युवा आगे आए जिन्होंने जिंदगी में पहली बार पौधा रोपित किया एवं वायुदूत ऐप पर अपलोड किया। इसका कारण कोरोना महामारी को देखते हुए जो ऑक्सीजन की कमी हो गई थी और लाखों जिंदगियां दांव पर लग गई थी ऐसी पुनरावृति भविष्य में ना हो इसको देखते हुए पौधा जरूर लगाएं। कार्यक्रम में मैकेनिक अर्जुन शाक्य एवं सुनील शाक्य की टीम के द्वारा आंवले के पौधे रोपित किए गए। युवा अस्तित्व सिंह जादौन के द्वारा पीपल पौधा रोपित किया और आजीवन उस पौधे की रक्षा करने की कसम खाई। अंकुर अभियान में पौधा वायुदूत ऐप पर लगाने के समय की फोटो एवं जब पौधा 1 महीने का हो जाएगा उसके बाद की भी फोटो उसमें अपलोड की जाएंगी। संस्था की टीम के द्वारा अन्य समाजसेवी संस्थाओं, युवाओं सभी से अपील की है कि अंकुर अभियान में अधिक से अधिक भागीदारी करें और हमारी शिवपुरी को फिर से हरी भरी शिवपुरी बनाएं, पर्यावरण को बचाए। संस्था के संयोजक रवि गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था काफी वर्षों से पर्यावरण के लिए काम कर रही है और हर साल पौधारोपण खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों में आदिवासी परिवारों को फल वाले पौधे देकर उसकी जिम्मेदारी दी जाती है जिससे कि वह पौधा अच्छे से वृद्धि करें और पर्यावरण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

# शहर के शहीद पार्क, एमजेएस कॉलेज, मुक्तिधाम, गौरी सरोवर, बस स्टेण्ड का किया कलेक्टर ने किया निरीक्षण

भिण्ड। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने सर्किट हाउस के सामने शहीद पार्क, एमजेएस खेल मैदान एवं जिम, मीरा कॉलोनी में मुक्तिधाम, गौरी सरोवर, बस स्टैंड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दौरान सहायक कलेक्टर केवी विवेक, सहायक यंत्री नगर पालिका दीपक अग्रवाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने सर्किट हाउस के सामने बने शहीद पार्क की मरम्मत कर पार्क में ओपन जिम, साइकलिंग ट्रैक बनाए जाने के संबंध में चर्चा की। साथ ही सहायक कलेक्टर केवी विवेक एवं सहायक यंत्री नगरपालिका दीपक अग्रवाल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने एमजेएस खेल मैदान एवं जिम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही खेल मैदान एवं जिम की मरम्मत करने, पीने के पानी की व्यवस्था हेतु निर्देश दिए। जिससे मैदान में खेलने और रनिंग करने आने वाले युवाओं को कोई परेशानी न हो और युवाओं को रनिंग के बाद कहीं दूर जिम करने नहीं जाना पड़े।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने मीरा कॉलोनी में बने मुक्तिधाम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा। साथ ही शवदाह हेतु नऐ चबूतरे तैयार करने एवं मुक्तिधाम में साफ-सफाई कराने के भी निर्देश संबंधित को दिए। कलेक्टर गौरी सरोवर का निरीक्षण कर निर्माणाधीन पुल के निर्माण कार्य की स्थिति को जाना। कलेक्टर ने गौरी सरोवर पर बंद पड़े पुराने पुल की मरम्मत कर गौरी सरोवर के चारों तरफ वॉकिंग ट्रैक बनाने एवं गौरी सरोवर पर कालेश्वर मंदिर के बगल से खाली पड़ी जगह पर पार्क बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बस स्टैंड पर बने प्रतीक्षालय एवं रेन बसेरा का निरीक्षण किया। साथ ही आवागमन कर रहे आमजन के लिए पीने के पानी की व्यवस्था हेतु पाइप लाइन और वॉटर आरओ सिस्टम लगाने एवं सुलभ शौचालय की व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित को दिए।

## महिला तस्कर ने खोली जुबान, उसके पास कहां से आये सैना के कारतूस

भिण्ड। शहर में शनिवार को पकड़ी गई महिला तस्कर ने अपनी जुबान नहीं खोली है। पुलिस अभी तक ये पता नहीं लगा पायी कि उसके पास सैना के हथियारों में उपयोग किए जाने वाले कारतूस कहां से आये। पुलिस आरोपी महिला से इंसास के करतूत को लेकर पूछताछ कर रही है। हालांकि महिला के खिलाफ फर्जी नियुक्ती दिलाने का मामला पुलिस के पास आ गया है। यह महिला ने मुरैना के एक युवक से भोपाल में स्थित सचिवालय में फर्जी नौकरी दिलाने के लिए ठगी की है। महिला थाना पुलिस ने दबिश देकर शनिवार की दोपहर यदुनाथ नगर में रहने वाली कुसुम भदौरिया को पुलिस ने रिमाइंड पर लिया है। पकड़ी गई महिला से पुलिस कारतूसों के बारे में पूछ रही है। आरोपित महिला इस मामले में कुछ भी बताने को तैयार नहीं है। वो पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए है। महिला द्वारा अब तक कई लोगों से ठगी की जा चुकी है। उसने मुरैना निवासी देवेंद्र शर्मा से दस लाख रुपए की ठगी करके सचिवालय में नौकरी दिलाने का भरोसा दिया था। उक्त युवक से दस लाख रुपए लिए फिर फर्जी तरीके से काउंसलिंग कराई और फर्जी आदेश थमाया। युवक द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर पुलिस पूछताछ कर रही परंतु महिला इस मामले को भी नाकार रही है।

### महिला तस्कर के तार भोपाल तक जुड़े

डीएसपी पूनम थापा के मुताबिक आरोपी कुसुम भदौरिया के तार भोपाल तक जुड़े है। उसका परिवार भोपाल में निवास करता है। महिला का पति गार्ड की नौकरी करता है। वहीं बेटा, हवाला का कारोबार भी करता है। यह महिला स्वयं को पत्रकार बताती है। भोपाल में कई बड़े अफसरों के बीच उठना-बैठना व धनिष्ठता है। बताया जाता है कि बीते दिनों महिला की बेटी एक अनैतिक कार्य में लिप्त होने पर पकड़ी भी जा चुकी है।

## अनियंत्रित कार खंती में जा गिरी, एक की मौत एक घायल

भिण्ड। अटेर क्षेत्र के पावई थाना अंतर्गत एक कार अनियंत्रित होकर खंती में जा गिरी। राहगीरों ने पुलिस को कार हादसे की सूचना दी। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची तब तक एक युवक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मृतक के शव पीएम हाउस भेज दिया। वहीं, घायल को उपचार के लिए 108 की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना रविवार दोपहर साढ़े 12 बजे की बताई जा रही है।

पुलिस के मुताबिक पोरसा, जिला मुरैना की ओर से इंडिया कार मुरली पुरा से पिथन पुरा की ओर जाते समय अचानक पलट गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक कार की स्पीड 100 किमी प्रतिघंटे की रही होगी। कार, अचानक असंतुलित होकर पहले कुछ दूर खेतों में दौड़ी फिर उलट-पुलट होते हुए खाई में जा गिरी। इस घटना में कार सवार दो युवक घायल हो गए। प्रत्यक्ष दाशंया की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी सुधाकर सिंह तोमर के मुताबिक मौके पर पहुंचकर देखा तो एक युवक मृत हो गया था। जबकि दूसरा गंभीर घायल था। युवक के जेब से मिले पहचान पत्र के मुताबिक मृतक बेगुसराय, बिहार निवासी लालू नोगश्वर था। वहीं घायल युवक गोलू उर्फ दुर्गेश राठौर निवासी पोरसा के रुप में पहचान हुई। मृतक के परिजनों को फोन पर सूचना दे दी गई है और शव को पोस्टमार्टम हेतु पीएमम हाउस में रखवा दिया है। मृतक के परिजनों के आने के बाद शव का पीएम कराया जाएगा। वहीं, घायल युवक को एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए भेजा गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## मामला सिविल अस्पताल निर्माण का

### मंडी समिति ने जमीन न देने का दिया अभिमत

गोहद। विधानसभा उपचुनाव में गोहद विधानसभा की जनता को सिविल अस्पताल की सौगात प्रदान की गली लेकिन गोहद में सिविल अस्पताल का निर्माण प्रशासन की गले की हड्डी बन गया है। लगभग आठ माह गुजरने के बाद भी प्रशासन अभी तक निर्माण के लिए जमीन भी चिन्हित नही कर सका है उल्टे प्रभारी मंत्री गोबिंद सिंह राजपूत के सामने सीएमएचओ की झूठ के चक्कर मे जिलाधीश को नीचा देखना पड़ा गोहद में सिविल अस्पताल में निर्माण के लिए जिला कलेक्टर द्वारा गोहद जमीन का चयन हेतु कृषि उपज मंडी की भूमि को चयन किया इस संदर्भ में गोहद एसडीएम द्वारा जिला कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त पत्र के सन्दर्भ में कृषि उपज मंडी सचिव से पत्र लिखकर अभिमत चाहा गया जिसके सन्दर्भ में मंदी सचिव द्वारा एसडीएम को लिखे पत्र में सिविल अस्पताल निर्माण के मंडी परिसर भूमि देने के लिए स्पष्ट शब्दों में इंकार कर दिया है मंडी सचिव द्वारा लिखे पत्र में कहा गया कि गोहद कृषि उपज मंडी भिंड जिले की एकमात्र धान मंडी है धान की आवक के समय पूरे मंडी परिसर में ट्रालियां लगती है और जगह भी कम पड़ जाती है ऐसी सिथति में सिविल अस्पताल का निर्माण किया जाता है मंडी परिसर में जगह की काफी कमी महसूस होगी।

## मॉनीटिरिंग एवं मेंटरिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न

भिण्ड । राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार विनियम 2019 अंतर्गत गठित मॉनीटिरिंग एवं मेंटरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। उक्त मीटिंग में विशेष न्यायाधीश जिला न्यायालय भिण्ड सुनील कुमार श्रीवास्तव एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड सुनील दण्डौतिया, रजिस्ट्रार जिला न्यायालय भिण्ड सय्यद दानिश अली एवं अधिवक्ता जय श्री राम बघेल उपस्थित हुए। उक्त मीटिंग में विधिक सहायता के प्रकरणों का अवलोकन एवं प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त जन उपयोगी लोक अदालत की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अपर जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड सुनील दण्डौतिया, सिविल पीडब्लूडी विभाग भिण्ड के.के. शर्मा के अधिकारी उपस्थित रहे। जन उपयोगी लोक अदालत के अंतर्गत जल, विद्युत, सार्वजनिक संरक्षण एवं स्वच्छता आदि प्रकार की विभिन्न सेवाऐं समाहित की गई है।

## चंबल पुल पर कभी हो सकता है बड़ा हादसा

### ओवरलोड वाहनों के निकलने से पुल की टूटा बैरिंक का लॉक

भिण्ड। चंबल पुल पर इसी तरह ओवरलोड वाहन गुजरते रहे तो वो दिन दूर नहीं जब चंबल पुल पर बड़ा हादसा होने की खबर आएगी। ओवरलोड वाहनों के लगातार गुजरने से पुल के एक पिलर की बैरिंक का लॉक टूट गया है। जिससे पुल अपनी आपको गति नहीं दे पा रहा है। बता दें कि दो राज्यों की सीमा को जोड़ने वाला चंबल नदी का पुल इन दिनों खतरे में है। इस पुल को खतरा रेत माफिया से है। इस पुल की क्षमता 40 टन की है। यहां से रेत के 125 टन से ज्यादा ओवर लोड होकर वाहन निकाले जा रहे है। इस वजह से पुल के पिलर क्रमांक छह का बैरिंग का लॉक टूट गया। अब पुल मूव नहीं कर रहा है। इस वजह से पुल की सुरक्षा पर खतरा खड़ा हो गया। यदि ऐसा ही रहा तो पुल पर से आवागमन ठप हो सकता है। भिंड जिले के बरही घाट से इटावा जिले के ऊदी को जोड़ने वाले पुल की आयु करीब 50 साल है। यूपी के राष्ट्रीय राजमार्ग खंड लोक निर्माण विभाग के अफसरों का कहना है कि यह पुल का निर्माण सन् 1972 से 75 में पूरा हुआ था। उस समय इस पुल से निकलने वाले वाहनों की संख्या कम हुआ करती थी। तात्कालिक इंजीनियरिंग के मुताबिक इस पुल को सिंगल ऑपशन पर तैयार कराया गया था। इस पुल से निकलने वाले वाहनों की क्षमता 40 टन बताई जाती है। वर्तमान में इस पुल से ओवर लोडिड रेत से भरे वाहनों को निकाला जा रहा है। इस वजह से पुल की सुरक्षा पर खतरा है।

### कंपनियों से किया संपर्क

लोक निर्माण विभाग के राष्ट्रीय राजमार्ग के इंजीनियरों ने पुल की जांच करके वरिष्ठ अफसरों को सूचना कर दी है। पुल की सुरक्षा खतरे में होने की खबर भिंड और इटावा यूपी के जिला प्रशासन से भी अगवत करा दिया गया है। इंजीरियरों ने गाजियाबाद और मुंबई की सेतु मेंटेनेंस कंपनियों से संपर्क किया है। इन कंपनियों के माध्यम से पुल का टूटा हुआ लॉक को बदला जाएगा। इस वर्क को पूरा करने के लिए हाईजैक और सपोर्टिंग मशीनरी की आवश्यकता होगी। इस पूरे मामले में लोक निर्माण खंड के राष्ट्रीय राजमार्ग के सहायक अभियंता सुभाष चंद्र शर्मा का कहना है कि पुल का छह नंबर के पिलर का बॉल्ट टूट गया है। यह ओवर लोडिंग वाहनों की वजह से टूटा है। इसके सुधार के प्रयास किए

## रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण को किया जागरूक

भिण्ड। हम फाउंडेशन भारत के प्रकल्प मिशन हरियाली के तहत आज 18 जुलाई रविवार को अटेर क्षेत्र के ग्राम वोरेश्वर में हम फाउंडेशन शाखा भिण्ड द्वारा पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से घर-घर दस्तक देकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। रैली वोरेश्वर मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर दतावली होते हुए अजुद्धपुरा गांव में पहुंचकर समापन किया गया। इस अवसर पर हम फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोफ़ेसर इकबाल अली, प्रांतीय महासचिव नितिन दिक्षित, शाखा संरक्षक प्रोफेसर रामानंद, शर्मा, महेंद्र चौधरी,शाखा अध्यक्ष शैलेश सक्सेना,उपाध्यक्ष योगेश शर्मा आदि उपस्थित थे। पर्यावरण जागरूकता रैली को संबोधित करते हुए हम फाउंडेशन के शाखा संरक्षक प्रोफेसर रामानंदशर्मा ने कहा कि पर्यावरण को बचाने में सभी लोगों को योगदान देना होगा उन्होंने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाने के लिए पर्यावरण की रक्षा करनी होगी इसके लिए समाज के प्रत्येक नागरिक को जागरूक होना होगा। इसी क्रम में हम फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो. इकबाल अली ने कहा कि मनुष्य को जीवन में एक पौधा लगाकर उसको वृक्ष बनने तक उसका संरक्षण करने का संकल्प लेना चाहिए। इसी क्रम में जागरूकता रैली को संबोधित करते हुए हम फाउंडेशन के शाखा संरक्षक महेन्द्र चौधरी ने कहा कि हम सभी लोगों को पर्यावरण पर ध्यान देना चाहिए और गांव गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। जागरूकता रैली को प्रांतीय महासचिव नितिन दिक्षित और हम फाउंडेशन की शाखा अध्यक्ष शैलेश सक्सेना ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सचिन बघेल, शैलेंद्र यादव, राहुल कुशवाह, विकास कुशवाह, हरगोविंद सिंह यादव, सोनू कुशवाह सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### मंदिर प्रांगण में किया वृक्षारोपण

हम फाउंडेशन भारत के मिशन हरियाली के तहत हम फाउंडेशन शाखा भिण्ड द्वारा अटेर क्षेत्र के ग्राम अजुद्धपुरा में पहुंचकर वहां स्थित मंदिर प्रांगण में नीम, अमरूद,आम,आवला, बरगद, आदि पौधे रोपित किए। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोफ़ेसर इकबाल अली, प्रांतीय महासचिव नितिन दीक्षित, शाखा संरक्षक महेंद्र चौधरी, प्रोफेसर रामानंद शर्मा, शाखा अध्यक्ष शैलेश सक्सेना,उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, विकास कुशवाह, शैलेंद्र सिंह, हरगोविंद सिंह, सचिन बघेल, अजीत यादव सहित सैकड़ों सदस्यों ने भाग लिया।

## महंगाई की मार

महंगाई के मोर्चे पर जनता को कोई राहत मिलती नहीं दिख रही है। हर दिन डीजल-पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है। रसोई गैस की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाली उपभोक्ता वस्तुओं के मूल्य आसमान छू रहे हैं। शायद ही कोई वस्तु हो, जिसके मूल्य न बढ़े हों। मगर सबसे अधिक बढ़ोतरी खाद्य तेलों और ईंधन में हुई है। यह तब है, जब कोरोना महामारी के कारण लोगों की कमाई कम हुई है और उन्होंने खर्च को लेकर अपने हाथ रोक रखे हैं। यानी मांग में उछाल नहीं आ रहा। फिर रिजर्व बैंक ने अपनी ब्याज दरें सबसे निचले स्तर पर स्थिर कर दी हैं। महंगाई बढने् के दो मुख्य कारण बताए जा रहे हैं। एक, कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और दूसरा विनिर्माण यानी मैन्युफैक्चरिंग में लागत बढना्। डीजल-पेट्रोल और रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी का असर अनेक स्तरों पर पड़ता है। उपभोक्ता वस्तुओं की उत्पादन लागत और ढुलाई का खर्च बढ़ जाता है, जिससे स्वाभाविक ही उनकी कीमतें बढ़ती हैं। मगर ईंधन की कीमतों पर अंकुश लगाने की कोशिशें विफल ही साबित हुई हैं। लोगों पर महंगाई की सबसे बड़ी मार दैनिक इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं की कीमतें बढने् की वजह से पड़ रही है। सब्जी, दालें, दूध, अंडे, खाद्य तेल और अनाज की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। जबकि इनके उत्पादन के मामले में कोई कमी नहीं देखी गई है। किसान परेशान हैं कि उनकी फसलें बाजार तक नहीं पहुंच पा रहीं। इसके चलते बहुत सारे किसान अपनी कच्ची फसलें, जैसे टमाटर, सड़कों के किनारे फेंकने पर मजबूर हुए। इसी तरह दालों का उत्पादन बेहतर रहा। अंडा उत्पादक आंदोलन तक कर चुके हैं कि उनकी आपूर्ति बेहतर की जाए। फिर भी कीमतें काबू में नहीं आ पा रहीं, तो साफ है कि यह समस्या चीजों के अभाव की वजह से पैदा नहीं हुई हैं। कोरोना की दूसरी लहर में उस तरह लॉकडाउन भी नहीं हुई, जैसे पहली लहर में हुई थी, जिससे आपूर्ति शृंखला बड़े पैमाने पर प्रभावित हुई हो। फिर भी महंगाई बढ़ रही है, तो इसका प्रमुख कारण यही है कि इसे रोकने के लिए जो व्यावहारिक कदम उठाए जाने चाहिए थे, वे नहीं उठाए गए हैं। कोरोना की वजह से बड़े पैमाने पर लोगों के रोजगार और नौकरियां चली गई हैं। लाखों लोगों के वेतन कम हो गए हैं। बड़े पैमाने पर कल-कारखाने बंद हुए हैं। बहुत सारे लोग अपने गांव लौटने पर मजबूर हुए हैं। ऐसे में पहले ही उन्हें अपने बच्चों की फीस, दैनिक जरूरतों की पूर्ति के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। तिस पर महांगाई की मार ने उन्हें और बेहाल कर दिया है। जिन छोटे-मोटे, रेहड़ी-पटरी के कारोबार, मिस्त्रीगीरी और दिहाड़ी करने वालों ने जैसे-तैसे फिर से जिंदगी को पटरी पर लौटाने का साहस जुटाया है, उन्हें भी बेहतरी की कोई सूरत नजर नहीं आती। उनके कारोबार में लागत बढ़ रही है, यातायात और दैनिक खर्च बढ़ गया है। बचत काफी घट गई है। सरकार अगर कम से कम खाने-पीने की चीजों की कीमतें काबू में रखने में कामयाब हो जाती, तो भी लोगों को इतनी परेशानियों का सामना न करना पड़ता। महंगाई के मोर्चे पर चुनौतियों को दूर करने के गंभीरता से प्रयास नहीं किए जाएंगे, तो आर्थिक मोर्चे पर बेहतरी के सपने भी शायद ही पूरे हों। इस वक्त महंगाई पर काबू पाना सरकार के लिए चुनौती बना हुआ है। उस पर पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और प्राकृतिक गैस की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अब लगभग पूरे देश में पेट्रोल की कीमत

# मर्जी के पीसीसी चीफ मिलने पर ही अगुवाई को तैयार हरीश रावत!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

भले ही इस समय उत्तराखंड में कांग्रेस के मात्र दस विधायक हो लेकिन ओहदा प्राप्त करने की रसाकसी में कांग्रेस भाजपा से भी आगे है।लम्बी जद्दोजहद के बाद भी कांग्रेस नेताप्रतिपक्ष व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष यानि पीसीसी चीफ नही ढूढ़ पाई है।बड़ी मुश्किल से प्रीतम सिंह को नेताप्रतिपक्ष के लिए राजी किया गया तो वे अपने उत्तराधिकारी के रूप में अपने किसी चेहते को ही चाहते है जबकि हरीश रावत मर्जी के पीसीसी चीफ मिलने पर ही अगुवाई को तैयार हो पा रहे है।कांग्रेस छोड़कर हरीश रावत की सरकार गिराने वाले बागी फिर से सत्ता में बने रहने की रणनीति के तहत कांग्रेस में वापसी का रास्ता खोज रहे है ,इसीलिए वे भी अपने किसी विश्वास पात्र को प्रदेश अध्यक्ष बनवाना चाहते है।फ़िलहाल पीसीसी चीफ बनने की दौड़ में किशोर उपाध्याय, गणेश गोदियाल व प्रकाश जोशी हरीश रावत खेमे से है तो प्रीतम सिंह आर्येन्द्र शर्मा को चाहते है जबकि बागी अप्रत्यक्ष रूप से पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष भुवन चन्द्र कापड़ी का नाम आगे कर रहा है।जिनमे से अभी भी किशोर उपाध्याय सबसे भारी नजर आ रहे है।

उत्तराखंड में अब विधानसभा चुनाव बहुत दूर नहीं है।उत्तर प्रदेश के साथ ही उत्तराखंड के भी चुनाव होने है।इसी साल नवंबर महीने में चुनाव आचार संहिता कभी भी लागू हो सकती है। ऐसे में कांग्रेस आलाकमान यदि इसी विवाद में फंसा रहा कि चुनाव चेहरे पर लड़ाया जाए या बिना चेहरे के तो पहले से ही सक्रिय भाजपा लोगो की जबरदस्त नाराजगी के बावजूद राम मंदिर व कश्मीर मुद्दे उछालकर लोगो की नाराजगी पर सहानुभूति का आवरण ढक सकती है,जो उसके लिए वोट बटोरने के लिए काफी है।जबकि कांग्रेस सिर पर चुनाव के बाद भी अभी तक एकजुट नही हो पाई है।हाई कमान द्वारा बनाये गए प्रभारी भी जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं तक नही पहुंच पाए है।फिलहाल प्रदेश के नेता उन्हें अपने ही चश्मे से भावी जीत के दिवास्वप्न दिखा रहे है।जबकि हकीकत यह है कि अगर कांग्रेस अभी भी गम्भीर नही हुई और संगठन में वर्षो से खाली पड़े पदों को भरने व धरातल से जुड़े कार्यकर्ताओ को महत्व नही दिया तो कांग्रेस के लिए चुनावी वैतरणी पार करना मुश्किल हो जाएगा।इंदिरा ह्रदयेश के जाने के बाद हरीश रावत ही अब एक मात्र ऐसे नेता बचे है जिनमे सबको साथ लेकर चलने की सामर्थ्य है।उनका प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह व पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उपाध्याय भी बेहद सम्मान करते है ।वही पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, राज्य सभा सांसद प्रदीप टम्टा व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता करण माहरा उनके विश्वास पात्रो में पहले से ही है।ऐसे में विधानसभा चुनाव के लिहाज से हरीश रावत का उत्तराखंड में अधिक से अधिक उपयोग किया जा सकता है।अब कांग्रेस की चुनावी सियासत भी हरीश रावत, प्रीतम व किशोर उपाध्याय पर केंद्रित हो गई है। राज्य के नेता के तौर पर जो धाक और स्वीकार्यता हरीश रावत की है, वह कभी इंदिरा ह्रदयेश की भी नहीं रही। यह सच है कि इंदिरा ह्रदयेश का कुमाऊं की राजनीति में अच्छा दखल रहा लेकिन निर्णायक हमेशा पहले नारायण दत्त तिवारी और बाद में हरीश रावत ही रहे।

कद और प्रभाव की दृष्टि से हरीश रावत को केवल कुमाऊं की राजनीति तक सीमित नहीं किया जा सकता। हरीश रावत कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री व मुख्यमंत्री तक रहे हैं और वर्तमान में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव होने के साथ साथ पंजाब के प्रभारी भी है। पार्टी का उनका उपयोग व्यापक रूप में कर सकती है। उत्तराखंड के कुमाऊं में पार्टी के दो प्रमुख नेता विधायक गोविंद सिंह कुंजवाल व विधायक करन माहरा हैं, जिनमें से किसी एक को कांग्रेस, नेता प्रतिपक्ष बनाकर कुमाऊं की जिम्मेदारी सौंपने की बात चली थी लेकिन अंत मे वर्तमान पीसीसी चीफ प्रीतम सिंह को इस पद के लिए तैयार किया गया है।

अब प्रदेश कांग्रेस में इस तरह की उठापटक की संभावनाए बहुत कम समय के लिए रह गई हैं। हरीश रावत, प्रीतम सिंह व किशोर उपाध्याय तीनो ही अब कांग्रेस आलाकमान की उम्मीदें हैं, जिनके दम पर पार्टी मिशन 2022 में उतरा जा सकता है।इंदिरा ह्रदयेश के चले जाने से सभी आहत है।हालांकि वे चाहकर भी कभी मुख्यमंत्री नही बन पाई लेकिन उनका कद हमेशा सम्मान जनक रहा। वे सन 2022 का विधान सभा चुनाव लड़ने के लिए भी उत्साहित थी।इसी चुनाव को लेकर दिल्ली में हुई कांग्रेस की बैठक में वे बतौर नेता प्रतिपक्ष शामिल हुई थी।लेकिन दुर्भाग्यवश दिल्ली प्रवास के दौरान ही उनकी मौत हो गई। डा. इंदिरा ह्रदयेश के जाने के बाद अब कांग्रेस विधायक दल के नेता के रिक्त पद पर प्रीतम सिंह आसीन होगे।इसके चयन की चुनौती जो कांग्रेस के सामने थी वह लगभग समाप्त हो गई है। पहले कांग्रेस में वरिष्ठता के आधार पर डा इंदिरा ह्रदयेश को राज्य विधायक दल के नेता की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। चार साल तक इस जिम्मेदारी को उन्होंने बखूबी निभाया भी। डा ह्रदयेश पार्टी विधायक दल के भीतर और बाहर संतुलन साधने में सफल रहीं । इस समय उनके निधन से प्रदेश में कांग्रेस के भीतर शोक का वातावरण बना हुआ है, ऐसे में रिक्त हुए नेता विधायक दल के पद को लेकर फैसला लेने में थोड़ी देर हो सकती है। कांग्रेस विधायक दल का नेता कौन होगा ,इसे लेकर भले ही सार्वजनिक रूप से कोई चर्चा न हो रही हो,लेकिन पार्टी में अंदरखाने चर्चा काफी पहले से शुरू हो गई थी। सदन में उपनेता करन माहरा भी विधानसभा के भीतर पार्टी का मजबूती से प्रतिनिधित्व करते रहे हैं।इंदिरा ह्रदयेश उत्तराखंड में कई मोर्चों पर मजबूती के साथ खड़ी रहने वाली सशक्त नेता थीं,उनको लेकर कांग्रेस दम ठोक कर कहती थी कि इंदिरा जी हैं न ,उत्तराखंड कांग्रेस में नारायण दत्त तिवारी के बाद इंदिरा ह्रदयेश व किशोर उपाध्याय दो बड़े ब्राह्मण नेता रहे है। इंदिरा ह्रदयेश उत्तरप्रदेश से लेकर उत्तराखंड के 21 सालो में सबसे बड़ी महिला नेता के रूप में उभरी थी। उत्तराखंड कांग्रेस में उनकी गिनती हमेशा ताकतवर और बड़े चेहरों में होती थी। उत्तराखंड कांग्रेस में अभी तक मुख्य राजनीति हरीश रावत,इंदिरा ह्रदयेश,प्रीतम सिंह और किशोर उपाध्याय के संयुक्त या फिर अलग अलग समर्थको के साथ घूमती रही है।जिनमे पिछले कुछ समय से प्रीतम सिंह व इंदिरा ह्रदयेश एक सुर में चल रहे थे तो हरीश रावत अपने पुराने साथी किशोर उपाध्याय के साथ पटरी बैठा रहे थे।यदपि देखा जाए तो चारो ही नेताओं ने अपनी सक्रियता बनाये रखने के लिए अपने अपने एजेंडे अपने अपने समर्थकों के साथ जारी किए हुए है।किशोर उपाध्याय वनाधिकार क्षेत्र में सक्रिय है,तो हरीश रावत पार्टी स्तर पर पंजाब संभालने के साथ ही सदन से बाहर भाजपा सरकार को घेरने में लगे रहते है।जबकि प्रीतम सिंह पार्टी प्लेटफार्म पर सक्रियता बनाये हुए है।वही इंदिरा ह्रदयेश ने सदन के अंदर सरकार को घेरने का काम जीवन पर्यंत किया।हालांकि आपसी तालमेल का भी कुछ अभाव रहा।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में प्रीतम सिंह ने अपने समर्थकों को संगठन में जिम्मेदारियां दी तो हरीश रावत ने अपने समर्थकों को किसान कांग्रेस व सेवादल में एडजस्ट कराया।जबकि किशोर उपाध्याय ने वनाधिकार कांग्रेस बनाकर वहां अपने लोगो को तवज्जो दी।अलबत्ता इंदिरा ह्रदयेश ने प्रीतम सिंह के साथ लाइजनिंग कर अपने समर्थकों को सम्मान दिलाया।इसी कारण कई बार यह संदेश भी गया कि उत्तराखंड कांग्रेस 11 विधायकों तक सिमट जाने के बाद भी पूरी तरह से एकजुट नही हो पाई है।यदि एक हो जाये तो उसे राज्य में कोई हराने वाला भी नही है।इंदिरा ह्रदयेश के जाने के बाद हालात बदल गए है।लगता है अब हरीश रावत को आगे करके ही मिशन 2022 कांग्रेस फतेह कर सकती है।क्योंकि बिना चेहरे के विधानसभा चुनाव में उतरने से कांग्रेस गच्चा खा सकती है। एक फार्मूला यह भी हो सकता है कि मौजूदा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह को नेताप्रतिपक्ष की जिम्मेदारी देकर प्रदेश कांग्रेस की कमान किशोर उपाध्याय को सौंपकर विधानसभा चुनाव हरीश रावत के चेहरे पर लड़ा जाए।इसके लिए चर्चाओं का दौर जारी है। कांग्रेस एकजुटता के घोड़े पर सवार होकर सता प्राप्त करती है या फिर अलग अलग धड़ो में बंटकर जूतो में दाल बांटती है।

# महिला सशक्तिकरण पर अवसरवादी उपदेश ?

**निर्मल रानी**

महिलाओं की हमदर्दी में हमारे देश में सदियों से तरह तरह के ढोंग व नौटंकियां की जाती रही हैं। यहाँ तक कि अनेक देवियों की पूजा कर तथा नवरात्रों के बाद कन्या पूजन कर यह भी जताया जाता है कि केवल सामाजिक ही नहीं बल्कि धार्मिक एतबार से भी हमारा भारतीय समाज महिलाओं के प्रति गहन श्रद्धा व सम्मान रखता है। हमारे देश में महिलाओं के लिये %आधी आबादी % नमक एक पारिभाषिक शब्द प्रयोग में लाया जाता है। इंसाफ़ तो यही कहता है कि जब महिलाओं को %आधी आबादी% कहकर संबोधित किया ही जाता है और वह भी पुरुष समाज ही इस %आधी आबादी % शब्दावली का संबोधन सबसे अधिक करता है ऐसे में तो क्या संसद क्या विधानसभाएं क्या न्यायपालिका तो क्या कार्य पालिका क्या देश के सरकारी व ग़ैर सरकारी कार्यालय क्या सुरक्षा बल तो क्या उद्योग धंधे गोया देश के सभी काम काजी क्षेत्रों में महिलाओं का प्रतिनीधित्व भी आधा यानी पचास प्रतिशत तो होना ही चाहिए ? परन्तु पचास प्रतिशत तो दूर अभी तक प्रस्तावित 33 प्रतिशत आरक्षण भी तथाकथित आधी आबादी % को नसीब नहीं हो पा रहा है। और जहाँ तक देवी पूजन व कन्या पूजन की बात है तो उसे देखकर तो हमारे देश को पूरी तरह से बलात्कार व महिला उत्पीड़न से मुक्त देश होना चाहिये। राजनैतिक व सामाजिक रूप से महिलाओं को पूरी तरह सशक्त होना चाहिये। परन्तु यह कहने में कोई हर्ज नहीं कि महिलाओं के सशक्तिकरण पर हमारे देश में जितना भाषण व उपदेश दिया जाता है वह पूरी तरह निराधार,खोखला व अवसरवादिता पर आधारित है।

पिछले दिनों उत्तर प्रदेश में ब्लॉक प्रमुख के %तथाकथित चुनाव% संपन्न हुए। इस चुनाव में महिलाओं के साथ इसी पुरुष समाज के लोगों द्वारा उसकी साड़ी खींचे जाने व उसे अर्ध नग्न किये जाने के चित्र व वीडिओ प्रसारित हुए। एक महिला के %चीर हरण % में लगे बाहुबलियों को उस समय न तो किसी देवी की याद आई न ही उस %चीर हरण % में शामिल किसी गुंडे मवाली के ज़ेहन में यह आया कि आख़िर यह भी वही महिला है जिसका कभी कन्या पूजन किया गया था ? किसी मुश्तण्ड गुंडे ने यह भी नहीं सोचा कि इस महिला जैसी ही उसकी भी माँ-बहनें उसके घरों में बैठी हैं। कल यदि समय का पहिया उल्टा घूम गया और उसके परिवार की महिलाओं के साथ दुर्भाग्यवश इसी तरह का कोई हादसा पेश आया तो वह किस मुंह से %महिलाओं पर अत्याचार % की बात या शिकायत करेगा ? पिछले दिनों बंगाल में चुनाव संपन्न हुए। बंगाल में देश की एकमात्र महिला मुख्य मंत्री ममता बनर्जी हैं जो तीन बार अपनी सादगी, लोकप्रियता, जुझारूपन व ईमानदारी के चलते मुख्य मंत्री रह चुकी हैं। पूरी दुनिया ने देखा कि महिला सशक्तिकरण के दंभ भरने वालों ने देश की उस एकमात्र महिला मुख्यमंत्री को सत्ता से अपदस्थ करने के लिये क्या क्या कथकण्डे नहीं अपनाए ? और तो और जब ममता को सत्ता से हटाने वालों को अपने मुंह की खानी पड़ी तो उसके बाद भी इन महिला विरोधियों ने बंगाल के मतदाताओं को भी तरह तरह के अपशब्दों से संबोधित किया?

केंद्रीय मंत्रिमंडल में कभी एक शक्तिशाली नाम उमा भारती का हुआ करता था। आज वह नाम पूरी तरह से ग़ायब है। क्योंकि उमा भारती की विचारधारा चाहे जो भी हो परन्तु वह अपनी बातों को स्वतंत्र व ज़ोरदार तरीक़े से रखने वाली महिला हैं। आज उनका राजनैतिक कैरियर लगभग समाप्त हो चुका है ? क्योंकि वह अपनी स्पष्टवादिता व स्वतंत्र विचारों की सज़ा भुगत रही हैं। आज उन्हीं की अपनी पार्टी में कोई नेता ऐसा नहीं जो उमा भर्ती के पक्ष में महिला सशक्तिकरण का परचम उठा कर उन्हें किनारे लगाने वाले नेताओं से यह पूछ सके कि उमा भारती का क़ुसूर क्या है ?

# क्या प्रजातान्त्रिक तरीके से आबादी नियंत्रण संभव हो पायेगा

**अरविन्द प्रेमचंद जैन**

भारत एक लोकतान्त्रिक देश हैं जहाँ समस्यायों का भण्डार हैं .कोई भी नियम कानून बनाने में सरकारों को पसीना आ जाता हैं कारण पिंडे पिंडे मतिर भिन्नाः .क्योकि यहाँ जनतंत्र हैं और सबको बोलने की स्वतंत्रता के साथ स्वच्छंदता हैं और उसके बाद न्यायालीन सुव्यवस्था का होना .मतलब के मामले जल्दी या देरी से निपटाएं जाते हैं .जब तक की बड़े आका न बोल दे कुछ नहीं होने वाला .अभी आसाम और उत्तर प्रदेश में यह व्यवस्था बनाई जा रही हैं ,अभी कुछ दिनों में बाल की खाल निकालने वाले आंदोलन या न्यायालय जाएंगे .विधान सभाओं में बहुमत होने के कारण बिल पास हो भी जाय तो दिल्ली की केंद्र सरकार को अपना भविष्य देखना पड़ेगा . आबादी नियंत्रण बहुत आवश्यक हैं इसको समग्र परिप्रेक्ष्य में देखना चाहिए .विश्व ,देश ,प्रदेश ,व्यक्तिगत परिवार .आबादी बढ़ाना कोई अपराध नहीं हैं पर आने वाली संतति के भरण पोषण की क्या व्यवस्था और सुविधा होंगी .आबादी के कारन अधोसंरचना में ही हमारा पूरा आर्थिक ढांचा चरमरा जाता हैं .यदि हम व्यक्तिगत बात करे तो सामान्य जन का अधिकांश धन चिकित्सा शिक्षा में जाता हैं उसके बाद शान शौकत में .यदि किसी की आमदनी का जरिया संतोषजनक हैं तो ठीक हैं वरना वह एक संतान के बाद सोचता हैं दूसरी संतान के लिए .कारण पालन पोषण के बाद शिक्षा में हजारो हजार फीस ,किताबें अलग .आजकल ऑनलाइन शिक्षा के कारण लेपटॉप ,आईपेड ,मोबाइल अनिवार्य हो चुके हैं .फीस के बाद बीमारियों का खेल अजब गजब हैं .आजकल फेस्टिवल ऑफर के सामान एक बिमारी के साथ दो बीमारी फ्री में मिल रही हैं .बजट का अधिवकंश पैसा परिवार में लग जाता हैं .अब आती हैं समस्या देश ,प्रदेश स्तर की .रोटी कपडा और मकान इसके बाद नौकरी व्यापार .इसके लिए प्राकृतिक संसाधनों का दोहन होना जैसे सड़क निर्माण, भवन निर्माण आदि में रेट उत्खनन ,जंगलों की कटाई ,पानी की कमी का होना ,हॉस्पिटल स्कूल कॉलेजों के प्रवेश की समस्या ,उसके बाद न्यायालय ,यात्राएं उनमे भीड़ ,कारों में भीड़ ,रखरखाव भी स्थानाभाव .मांग और उत्पादन में अंतर होने से पूर्ती की कमी .उससे महगाई का होना स्वभाविक हैं इसके अलावा देश में समस्यों का अम्बार लगा हुआ हैं .राजनैतिक उथल पुथल के साथ सभी पार्टियां एक दूसरे केदुशमन और टांग खींचने में आगे .विरोध करना उनका अधिकार हैं। आबादी नियंत्रण के लिए कानून बना देना काफी नहीं होगा जब तक की व्यक्तिगत चेतना न जाग्रत हो .हमारे देश में कानून तोडना पहले जानते हैं .रचनात्मक सोच न होने से विकास नहीं हो प् रहा हैं .कुछ जातिगत पहलु होने से विरोध होना स्वाभाविक हैं .चीन में भी नियम बनने के बाद आज वहां आबादी असंतुलन होने से फिर से दो बच्चों का अधिकार देना पड़ा .ये मसले दो राज्यों के नहीं पूरे भारत का हैं और हमारे यहाँ कोई भी कानून प्रजातंत्र में कठिन होता हैं . यहाँ राजशाही और हिटलरशाही तंत्र न होने से परेशानी होती हैं .दूसरी बात योग्य दंपत्ति को दो बच्चों का अवसर तो देना होगा .यह आवर्ती होगा और वर्तमान में मृत्यु दर कम होने से आबादी वृध्दि होना स्वाभाविक हैं .

## गुरु की स्वीकार्यता

हर वक्त संसार को गुरु की दृष्टि से देखो। तब यह संसार मलिन नहीं बल्कि प्रेम, आनन्द, सहयोगिता, दया आदि गुणों से परिपूर्ण, अधिक उत्सवपूर्ण लगेगा। तुम्हें किसी के साथ संबंध बनाने में भय नहीं होगा क्योंकि तुम्हारे पास आश्रय है। घर के अन्दर से तुम बाहर के वज्रपात, आंधी, वर्षा व कड़ी धूप देखोगे। भीतर वातानुकूलित व्यवस्था है- शीतल और शान्त। बाहर गर्मी और अशांति है पर तुम परेशान नहीं होते, क्योंकि कुछ भी तुम्हें बेचैन और विचलित नहीं कर सकता। कोई तुम्हारी पूर्णता नहीं छीन सकता। यही है गुरु का उद्देश्य। संसार के सभी संबंध उलट-पुलट हो जाते हैं। संबंध बनते हैं और टूटते हैं। यहां राग भी है, द्वेष भी। यही संसार है। पर गुरु कोई संबंध नहीं, गुरु की मौजूदगी होती है। गुरु का सान्निध्य अनुभव करो। गुरु को अपने संसार का अंश मत बनाओ। संसार का हिस्सा बनाते ही, वही अप्रिय भावनाएं उठती हैं- उन्होंने ऐसा कहा, उन्होंने ऐसा नहीं कहा, वह उनका अधिक प्रिय है, मैं नहीं हूं। जीवन में गुरु का सान्निध्य सभी संबंधों में पूर्णता लाता है। यदि गुरु के निकट अनुभव नहीं कर रहे, तो यह तुम्हारे मन, धारणा, अहंकार के कारण है। जो कुछ भी महत्वपूर्ण है, अंतरंग है, उसे गुरु के साथ बांटो। जो तुम्हारे लिए महत्वपूर्ण है, आंतरिक है, जब तक तुम उसे गुरु को नहीं व्यक्त करते, तब तक निकटता का अनुभव नहीं कर सकते। आप कैसे हैं? गुरु से हृदय खोलकर मन की गहराइयों में समाई अपने जीवन की आंतरिक व महत्वपूर्ण बातें करो।

महत्वहीन या सांसारिक बातें न करो।

यदि तुम गुरु के साथ निकटता अनुभव नहीं कर रहे, तो गुरु की आवश्यकता ही क्या है? वह तुम्हारे लिए केवल एक और बोझ है। बस, उसे अलविदा कह दो। तुम गुरु के साथ हो ताकि तुम गुरु के आनन्द में सहभागी हो, उनकी चेतना के सहभागी। इसके लिए पहले तुम्हें अपने आप को खाली करना है, जो पहले से है, उसे गुरु को दे देना है। मन में जितना भी कूड़ा हो, किसी भी प्रकार का, गुरु लेने के लिए तैयार हैं। तुम जैसे भी हो, गुरु तुम्हें स्वीकार कर लेंगे। वे अपनी ओर से बांटने को तैयार हैं- तुम्हें केवल अपनी ओर से तैयार होना है।

# आबादी की आजादी - जनसंख्या नियन्त्रण.... दूरदर्शी कौन.... इन्दिरा या योगी....?

**ओमप्रकाश मेहता**

आज से लगभग पांच दशक पहले इंदिरा जी के शासनकाल में देश की आबादी को लेकर सर्वव्यापी चिंता व्यक्त की गई थी, ''हम दो हमारे दो'' का नारा इंदिरा व उनके छोटे बेटे स्व. संजय गांधी ने उसी समय दिया था.... और ....उसी समय प्रसिद्ध कवि काका हाथरसी को लिखना पड़ा था- ''नेता सब चिल्ला रहे, पीट-पीट कर ढोल। जितना भी तुम कर सको, करो बर्थ कंट्रोल''।

यद्यपि काका हाथरसी ने इन पंक्तियों के माध्यम से परिवार नियोजन का नहीं, रेल की बर्थों पर कब्जा करने का व्यंगपूर्ण मंत्र दिया था, किंतु यह अजीब संयोग देखिये कि काका हाथरसी के उसी हाथरस के नेता योगी आदित्यनाथ ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में जनसंख्या की नई नीति बनाई और देर-सवेर उसे उत्तरप्रदेश में लागू कर दिया जाएगा, अब योगी जी की यही नीति 'छूत के रोग' की तरह पूरे देश में फैल रही है और कई राज्यों के साथ केन्द्र सरकार पर भी पूरे देश में इसी बात को लागू करवाने पर दबाव डाला जा रहा है।

योगी आदित्यनाथ तो स्वयं गृहस्थ नहीं है (मोदी जी की तरह) इसलिए देश की आबादी उनके लिए सिर्फ चिंता तक ही सीमित है, किंतु उनकी इस नीति की इस दृष्टि से तारीफ करना पड़ेगी कि उन्होंने इस नीति के तहत् सरकारी मुलाजिम और राजनेता दोनों को नीति की तराजू के एक ही पलड़े में रखा है, अर्थात् दोनों वर्गों के लिए दण्ड समान है, नीति के सही पालन पर जहां सरकारी मुलाजिम के लिए पदोन्नति, आर्थिक लाभ व प्रशस्ति का प्रावधान है व नीति के उल्लंघन पर सरकारी नौकरी से बर्खास्तगी समाहित है, वहीं जन-प्रतिनिधि के लिए नीति के उल्लंघन पर दण्ड का प्रावधान अवश्य है, किंतु उसे पुरस्कृत करने का कोई प्रावधान नहीं है।

वैसे यह नीति अन्यो के लिए अनुकरणीय अवश्य है, किंतु प्रमुख सवाल इस नीति को लेकर यह है कि जो सरकारी मुलाजिम या राजनेता पहले से ही इस नीति के तहत् नहीं आते, उनका क्या? या यह नीति आगामी पन्द्रह अगस्त से लागू कर भावी सरकारी मुलाजिमों या राजनेताओं के लिए है? ....खैर नीति लागू करते समय यह भी खुलासा कर ही दिया जाएगा, किंतु एक क्षण के लिए सोचिये कि आज बढ़ती आबादी को लेकर सत्तारूढ़ नेताओं द्वारा चिंता व्यक्त की जा रही है और इसे लेकर नीतियां बनाई जा रही है? यदि पांच दशक पूर्व इंदिरा जी द्वारा जब यह नीति लाई गई थी और आज के सत्तारूढ़ दल द्वारा उसका विरोध नहीं किया गया होता तो क्या पचास साल में देश की आबादी आज सही पटरी पर नहीं आ गई होती?

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस पहल पर अब केन्द्र सरकार भी गंभीर चिंतन-मनन कर रही है और इस नीति को पूरे देश में लागू करने पर मंथन चल रहा है, राज्यसभा में इस नीति पर पहले ही एक ''प्राईवेट मेम्बर बिल'' आ चुका है, जिस पर आगामी छः अगस्त को बहस होना है। इस बिल में प्रस्तावित जनसंख्या नियंत्रण कानून को काफी सख्त बनाने और सख्ती से देश में इसका पालन करवाने की भी सिफरीश की गई है। यद्यपि जैसा कि हमारे देश की अब तक की परम्परा रही है, इस नीति को भी राजनीतिक व साम्प्रदायिक चश्में से देखने का प्रयास किया जा रहा है तथा सत्तारूढ़ भाजपा पर आरोप लगाया जा रहा है कि मुस्लिम अल्पसंख्यकों की संख्या और कम रखने के लिए भाजपा सरकारें यह नीति लागू करने पर जोर डाल रही है मुस्लिम धार्मिक नेता और उनके संगठन उत्तरप्रदेश सरकर द्वारा जारी की गई इस नीति का तीखा विरोध कर रहे है तथा आरोप लगा रहे है कि सिर्फ मुस्लिम जनसंख्या विस्तार को रोकने के लिए यह नीति लाई जा रही है। इसीलिए इस नीति को सर्वोच्च न्यायालय के दरवाजे तक भी पहुंचाने के प्रयास किये गए है। अब उत्तरप्रदेश सरकार की इस बहुचर्चित के साथ केन्द्र द्वारा प्रस्तावित समान नागरिकता कानून को भी मुस्लिम नेता जोड़कर देख रहे है, उनका आरोप है कि केन्द्र की मुस्लिमों को प्रताड़ित करने की यह सोची समझी चाल है।

केन्द्र द्वारा तीन तलाक कानून लाने को भी इसी चश्में से देखनें-दिखानें का प्रयास किया जा रहा है। जबकि केन्द्र या सत्तारूढ़ दल की ऐसी कोई दुर्भावना स्पष्ट नहीं होती यदि समान नागरिक संहिता देश में लागू हो जाती है तो फिर कई तरह के धार्मिक, सामाजिक रस्म-ओ-रिवाज पर प्रतिबंध लग जाएगें और देश के सभी नागरिकों पर एक जैसे प्रतिबंध लागू हो जाएगें, अब इनसे कौन सा तबका सर्वाधिक प्रभावित होता है? यह बाद की बात है। लेकिन.... यदि आधुनिक परिस्थितियों के प्ररिप्रेक्ष्य में जनसंख्या नीति व समान नागरिक संहिता को देखा जाए तो ये दोनों देश के लिए अतिआवश्यक प्राथमिकता है।

# तापसी पन्नू ने शुरू किया क्रिकेट खेलना, चालू हुई अगली फिल्म की तैयारी

अभिनेत्री तासपी पन्नू ने बीते दिनों ही अपनी फिल्म रश्मि रॉकेट की शूटिंग पूरी की है। फैंस को उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। लेकिन हाल ही में फैंस तब चौंक गए जब उन्होंने तापसी को क्रिकेट खेलते हुए देखा। ऐसे में तरह-तरह के कयास लगने लगे। लेकिन आपको बता दें इसके पीछे की वजह क्या है। पिछले दिनों खबर आई थी कि तापसी महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज की बायॉपिक में नजर आएंगी जिसका नाम च्शाबाश मिथुज होगा। इसी को देखते हुए अब वह इस फिल्म की तैयारी में जुट गई हैं। फिल्म में तापसी मिताली राज के रोल में दिखेंगी। इस फिल्म के लिए ही तापसी इन दिनों क्रिकेट की ट्रेनिंग ले रही हैं। तापसी ने इसकी एक झलक सोशल मीडिया पर भी शेयर की है। एक बयान में उन्होंने बताया, च्मैंने इससे पहले कभी क्रिकेट नहीं खेला। इस खेल की मैं ज़बरदस्त प्रशंसक हूं और महज दर्शक रही हूं। अब दूसरी तरफ जाना मेरे लिए बड़ी चुनौती है। लेकिन मुझे लगता है कि दबाव में मैं सर्वश्रेष्ठ दे पाती हूं। मिताली और मेरे बीच यही एक बात कॉमन लगती है। तापसी ने सोशल मीडिया पर भी क्रिकेट की ट्रेनिंग लेते हुए एक फोटो शेयर की है। उनकी पोस्ट पर मिताली ने प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि आप इस किरदार को अव्वल बना दोगी। तापसी कोच नूशीन अल खदीर से क्रिकेट की ट्रेनिंग ले रही है। च्शाबाश मिथुज को राहुल ढोलकिया निर्देशित कर रहे हैं।

## विक्रांत मैसी ने शेयर की गृह प्रवेश वाली तस्वीरें, लोगों ने कहा- ह्यूमन मोदक वाली कैप्शन पसंद आई

विक्रांत मैसी ने इंस्टाग्राम पर गृह-प्रवेश की तस्वीर शेयर की है, जिसमें उनके साथ पूजा पर उनकी मंगेतर शीतल ठाकुर भी नजर आ रही हैं। चमिर्जापुरज से फेमस हुए ऐक्टर विक्रांत की इस तस्वीर पर उन्हें जमकर बधाइयां मिलने लगी है। छपाक ऐक्टर विक्रांत मैसी के साथ घर की इस पूजा में एक तरफ उनकी मां आमना मैसी बैठी थीं और दूसरी तरफ उनकी मंगेतर शीतल। विक्रांत ने इसे पोस्ट करते हुए बताया है, मेरी ह्यूमन मोदक और बेटर हाफ के साथ। इसी पोस्ट में उन्होंने एक नोट भी लिखा है, जिसमें कहा है- अभी मेरी शादी नहीं हुई है, अपनी शुभकामनाएं संभाल कर रखें। बता दें कि हाल ही में क्रिमिनल जस्टिस ऐक्टर विक्रांत मैसी ने मुंबई में अपना घर खरीदा है। विक्रांत ने अपने घर की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी और फैन्स से यह खुशखबरी शेयर की थी। बता दें कि अपनी मंगेतर शीतल ठाकुर के साथ विक्रांत जल्द शादी करने वाले हैं और दोनों की सगाई हो चुकी है। शादी से पहले उन्होंने अपने लिए घर खरीद लिया है। बता दें कि विक्रांत मैसी और शीतल ठाकुर एक साथ वेब सीरीज में भी नजर आ चुके हैं। दोनों ऑल्ट बालाजी की वेब सीरीज च्ब्रोकन बट ब्यूटिफुलज में नजर आए थे। विक्रांत मैसी चमिर्जापुरज वेब सीरीज से काफी पॉप्युलर हुए। विक्रांत दीपिका पादुकोण के साथ फिल्म च्छपाकज में भी नजर आ चुके हैं। ओटीटी पर रिलीज हुई चक्रिमिनल जस्टिसज में भी विक्रांत के काम की खूब जमकर तारीफ हुई है।

## रितिक और दीपिका को लेकर बनेगी रामायण? 300 करोड़ में मधु मंटेना करेंगे प्रड्यूस

पिछले काफी समय से रामायण पर फिल्में बनाए जाने की चर्चा है। प्रभाष और सैफ अली खान को लेकर पहले ही आदिपुरुष की घोषणा हो चुकी है। अब खबर है कि प्रड्यूसर मधु मंटेना भारी-भरकम बजट के साथ रामायण पर फिल्म बनाने जा रहे हैं जिसमें रितिक रोशन और दीपिका पादुकोण को राम और सीता के लीड रोल में लिया जाएगा। स्पॉटबॉयज की एक रिपोर्ट की मानें तो हाल में अनुराग कश्यप, विक्रमादित्य मोटवानी और विकास बहल से फैंटम फिल्म के शेयर्स खरीदने वाले मधु मंटेना 300 करोड़ रुपये से भी ऊपर के बजट में 3डी रामायण बनाना चाहते हैं।

# टूट गया कार्तिक आर्यन-जान्हवी कपूर का दोस्ताना? सोशल मीडिया पर किया अनफॉलो

बॉलिवुड के चॉकलेटी बॉय कार्तिक आर्यन और खूबसूरत जान्हवी कपूर को पिछले कई मौकों पर साथ देखा गया था। हाल में न्यू इयर के मौके पर दोनों साथ में गोवा में भी देखे गए थे। हालांकि अब एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है कि दोनों ने एक-दूसरे को सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर दिया है। यह देखकर कार्तिक और जान्हवी दोनों के फैन्स हैरत में हैं। इस महीने की शुरुआत में कार्तिक और जान्हवी को साथ में गोवा के बीच पर देखा गया था। ऐसा माना जा रहा था कि दोनों रोमांटिक डेट पर गए हैं। फिर दोनों को साथ में मुंबई एयरपोर्ट पर भी देखा गया था। अब इन दोनों को एक-दूसरे को अनफॉलो किए जाने की खबर तब आई है जबकि सुनने में आ रहा है कि च्दोस्ताना 2ज की शूटिंग में देरी हो चुकी हैं। फिल्म की शूटिंग के लिए पूरी टीम को लंदन जाना था लेकिन एक बार फिर इंग्लैंड में कोरोना वायरस के कारण लगे सख्त लॉकडाउन के कारण इसे टाल दिया गया है। दोस्ताना 2ज कार्तिक और जान्हवी की साथ में पहली फिल्म होगी। इनके साथ फिल्म से लक्ष्य बॉलिवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। फिल्म को करण जौहर प्रड्यूस कर रहे हैं। अगर कार्तिक और जान्हवी के बीच कोई अनबन हो गई है तो निश्चित तौर पर इस फिल्म पर इसका फर्क जरूर पड़ेगा। वर्क फ्रंट की बात करें तो जान्हवी ने हाल में अपनी अगली फिल्म च्गुड लक जेरीज की शूटिंग शुरू कर दी है। इसके अलावा जान्हवी राजकुमार राव के साथ फिल्म च्रूही अफसानाज में भी नजर आएंगी। कार्तिक भी अपनी अगली फिल्म च्धमाकाज की शूटिंग कर रहे हैं। कार्तिक कियारा आडवाणी के साथ च्भूल भुलैया 2ज में भी नजर आने वाले हैं।

# रणवीर सिंह ने बढ़ाई फीस, रोहित शेट्टी से लाखों रुपये वसूल कर रहे हैं हर दिन?

ऐक्टर रणवीर सिंह सिम्बा और सूर्यवंशी के बाद एक बार फिर रोहित शेट्टी के साथ काम करने वाले हैं। वह रोहित के निर्देशन में बनने वाली फिल्म च्सर्कसज में नजर आएंगे। इस फिल्म को लेकर तमाम अपडेट सामने आ रही हैं। अब कहा जा रहा है कि रणवीर ने इस फिल्म के लिए बड़ी फीस ली है। चर्चा है कि इस फिल्म के लिए रणवीर सिंह ने 50 करोड़ फीस के तौर पर लिए हैं। अब यह भी कहा जा रहा है कि रणवीर हर फिल्म के साथ अपनी फीस को बढ़ाकर लेंगे। इस फिल्म के लिए 75 दिन का शेड्यूल तय किया गया है। इसके हिसाब से वह लगभग 66 लाख रुपये प्रतिदिन के हिसाब से फीस चार्ज कर रहे हैं। हालांकि अधिकारिक तौर पर ऐसी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है लेकिन अगर यह सच है तो रणवीर सबसे ज्यादा फीस लेने वाले स्टार्स में शामिल हो गए हैं। बता दें कि 2019 में जो फोर्ब्स की लिस्ट जारी की गई थी, उसमें बताया गया था कि रणवीर सलाना करीब 118 करोड़ रुपये कमाते हैं। इस तरह से वह सबसे ज्यादा कमाई करने वाले सेलेब्स में 7वें नंबर पर थे, जबकि 2018 में वह 8वीं पोजिशन में थे। गौरतलब है कि फिल्म च्सर्कसज की मुंबई में शूटिंग जारी है। माना जा रहा है कि मार्च तक शूटिंग का काम खत्म हो सकता है और इसके बाद टीम पोस्ट प्रॉडक्शन के काम में लग जाएगी।

## हॉलिवुड से इरफान खान का ऐसा रिश्ता, कभी फिल्म देखने को तरसे, फिर खुद की ऐक्टिंग



हॉलिवुड फिल्मों को भारतीय दर्शक काफी पसंद करते हैं लेकिन कुछ ऐसी फिल्में हैं जो उनके दिल के बेहद करीब हैं। दरअसल, उन फिल्मों में भारतीय कलाकारों ने अपनी ऐक्टिंग से लोगों का मनोरंजन किया है। इन्हीं में से एक फिल्म च्जुरासिक वर्ल्डज है। इस फिल्म में दिवंगत अभिनेता इरफान खान ने काम किया था। फिल्म च्जुरासिक वर्ल्डज में इरफान खान ने अपने काम से लोगों को प्रभावित किया था। जुरासिक वर्ल्डज जुरासिक पार्क फिल्म सीरीज का चौथा पार्ट है। इरफान खान ने एक इंटरव्यू में बताया था कि साल 1993 में आई इस सीरीज की पहली फिल्म देखने के लिए उनके पास पैसे तक नहीं थे। वहीं, साल 2015 में फिल्म च्जुरासिक वर्ल्डज में इरफान खान पार्क के मलिक की भूमिका में नजर आए थे। कॉलिन ट्रेवोरो के डायरेक्शन में बनी फिल्म च्जुरासिक वर्ल्डज में इरफान खान के अलावा क्रिस प्रैट, ब्रायस डलास हॉवर्ड, विन्सेन्ट डीज्ऑनफिरो, उमर सी, निक रॉबिन्सन जैसे ऐक्टर्स ने काम किया है। यह साइंस फिक्शन थ्रिलर फिल्म 2015 में रिलीज हुई थी और लोगों ने इसे बहुत पसंद किया था। 53 वर्षीय ऐक्टर इरफान खान का बीती 29 अप्रैल को मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में निधन हो गया था। वह एक दिन पहले कोलन इंफेक्शन को लेकर अस्पताल में भर्ती हुए थे। बताते चलें कि इरफान खान दो साल से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। वह अपने परिवार में पत्नी और दो बेटों को छोड़ गए।

# प्रियंका चोपड़ा ने बताया ऊप्स मोमेंट, वॉक से ठीक पहले टूट गई थी गाउन की चेन

प्रियंका चोपड़ा के रेड कार्पेट वॉक और आउटफिट्स हमेशा सुर्खियों में रहते हैं। वह बोल्ड से बोल्ड आउटफिट भी बेहद कॉन्फिडेंस के साथ कैरी करती हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर बीते साल कान फिल्म फेस्टिवल से जुड़ा एक सीक्रेट शेयर किया है। उन्होंने बताया है कि कैसे लास्ट टाइम पर उनके गाउन का जिपर टूट गया था।

**5 मिनट में टीम ने सिला था प्रियंका का गाउन:** प्रियंका चोपड़ा के मेमॉयर च्अनफिनिश्डज फरवरी में लॉन्च होने वाला है। इसका प्री-सेल शुरू हो चुका है। पीसी ने इसका एक किस्सा अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। उन्होंने पिछले कान फिल्म फेस्टिवल की घटना बताई है जिसमें वह च्ऊप्स मोमेंटज का शिकार होने से बची थीं। प्रियंका ने तस्वीरों के साथ लिखा है, यहां मैं बाहर से भले ही चिल दिख रही हूं लेकिन शायद ही किसी को पता हो कि अंदर से कितनी डरी हुई थी। बीते साल कान में रेड कार्पेट पर जाने के ठीक पहले जब इस विंटेज गाउन का जिपर बंद करते वक्त टूट गया था। सॉल्यूशन? मेरी बेहतरीन टीम को मुझे कार के अंदर ही 5 मिनट की राइड के दौरान इस ड्रेस में सिलना पड़ा था।

**प्रियंका ने च्अनफिनिश्डज में बताए हैं कई मजेदार किस्से:** प्रियंका ने बताया है कि उनके मेमॉयर च्अनफिनिश्डज में मेट गाला, मिसवर्ल्ड और कई ऐसे इवेंट्स से जुड़ी बीटीएस स्टोरीज हैं। प्रियंका चोपड़ा पहले भी एक इंटरव्यू के दौरान बता चुकी हैं कि मिस वर्ल्ड के दौरान उन्होंने जो वाइट गाउन पहना था, उसे टेप से चिपकाया गया था। बार-बार हाथ हिलाने की वजह से टेप हट गया था। इसके बाद उन्होंने नमस्ते का पोज बनाकर उस गाउन को होल्ड किया था।

# अनुष्का शर्मा की मॉडलिंग दिनों की तस्वीरें हो रहीं वायरल, कुछ में तो पहचान नहीं पाएंगे

अनुष्का शर्मा बॉलिवुड की खूबसूरत ऐक्ट्रेसस में से हैं। उन्होंने हाल ही में प्यारी सी बेटी को जन्म दिया है। अनुष्का ने शाहरुख खान के साथ च्रब ने बना दी जोड़ीज से बॉलिवुड डेब्यू किया था। वह तबसे लोगों के दिलों पर राज कर रही हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में ना सिर्फ बतौर ऐक्ट्रेस अपनी जगह बनाई बल्कि प्रॉडक्शन में भी कदम रखा है। हालांकि कम लोग जानते हैं कि फिल्मों में आने से पहले वह मॉडल के तौर पर ग्लैमर वर्ल्ड में छाई थीं। यहां हैं मॉडलिंग के दिनों की उनकी कुछ तस्वीरें। अनुष्का शर्मा 2007 में मॉडल थीं। उन्होंने लैक्मे फैशन वीक में दिवंगत फैशन डिजाइनर वेंडेल रॉड्रिक्स के लिए रैम्प वॉक किया था। वह उनके 2007 के समर स्प्रिंग कलेक्शन की फिनाले मॉडल थीं। अनुष्का के मॉडलिंग के दिनों की तस्वीरें अक्सर उनके फैन पेजेज पर दिखाई दे जाती हैं। अनुष्का क्रिकेटर विराट कोहली की वाइफ हैं और हाल ही में प्यारी सी बेटी को जन्म दिया है। इस बीच उनमें जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन हुआ है। अनुष्का शर्मा की लिप सर्जरी की खबरें भी सुर्खियां बन चुकी हैं। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा था कि कुछ वक्त के लिए उन्होंने टेम्परारी लिप इनहैंसिंग टूल यूज किया था। इसलिए उनके होंठ बदले दिख रहे हैं। अनुष्का ने बताया था कि उन्होंने कोई लिप सर्जरी नहीं करवाई है। अनुष्का के होंठ फिल्म च्पीकेज के दौरान भी चर्चा में रहे थे। उन्होंने बताया था कि उन्होंने ऐसा च्बॉम्बे वेलवेटज में अपने रोल के लिए किया था। साथ ही कहा था कि वह इंसान हैं और परफेक्ट नहीं हैं। अनुष्का शर्मा बता चुकी हैं कि वह प्रार्थनाओं में काफी यकीन करती हैं। उन्होंने बताया था कि फेंगशुऊ कछवे में उनकी मां ने एक पर्ची में लिखा था कि अनुष्का को यश राज फिल्म मिले। उनको च्रब ने बना दी जोड़ीज में पहला ब्रेक यश राज ने दिया था।

## ऐक्ट्रेसेस से कम ग्लैमरस नहीं हैं अनुराग कश्यप की बेटी आलिया,

बॉलिवुड में ऐसे बहुत से स्टारकिड्स हैं जो भले ही फिल्मों नहीं आए हों लेकिन उनकी अच्छी-खासी फैन-फॉलोइंग है और सोशल मीडिया पर सनसनी मचाए हुए हैं। ऐसे स्टारकिड्स में से हैं फिल्ममेकर अनुराग कश्यप की बेटी आलिया। आलिया की तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा रखा है। आलिया ने हाल में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक ब्रैंड का प्रमोशन करते हुए ब्लैक ऐंड वाइट बिकीनी में एक तस्वीर शेयर की है जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। लॉन्जवेअर में आलिया का लुक देखने लायक ही है। आलिया कश्यप और खुशी कपूर बेहद नजदीकी दोस्त हैं। खुशी और आलिया अक्सर एक-दूसरे की तस्वीरों पर कॉमेंट्स करती रहती हैं। इस तस्वीर पर भी खुशी कपूर ने कॉमेंट किया है। खुशी ने कॉमेंट किया, च्मुझसे शादी करोगीज आलिया ने इसका जवाब देते हुए लिखा, रास्ते में हूं आलिया कश्यप पहले भी सोशल मीडिया पर अपनी बेहद स्टाइलिश और हॉट तस्वीरें शेयर करती रही हैं। आलिया बॉलिवुड में एंट्री करेंगी या नहीं इसका तो नहीं पता लेकिन सोशल मीडिया पर उनकी अच्छी फैन फॉलोइंग है। आलिया फिल्ममेकर अनुराग कश्यप और उनकी पहली पत्नी आरती बजाज की बेटी हैं। आरती बजाज एक फिल्म एडिटर हैं और उन्होंने अनुराग से 2009 में शादी की थी। हालांकि यह शादी बहुत लंबी नहीं चली और केवल 6 साल बाद 2009 में आरती और अनुराग अलग हो गए। आलिया ऐक्टिंग में करियर बनाएंगी या फिल्ममेकिंग में अभी इसके बारे में कुछ कन्फर्म नहीं है। हालांकि कुछ साल पहले उन्होंने अपने स्कूल प्रॉजेक्ट के तौर पर एक डॉक्यूमेंट्री जरूर बनाई थी जिसके कारण वह काफी चर्चा में आ गई थीं।

## वन-टू-वन

### वेक्सिनेशन के संदर्भ में महत्वपूर्ण सूचना जो आपको जानना आवश्यक है

**पुष्पांजली टुडे न्यूज़**

ग्वालियर / 19 जुलाई सोमवार को केवल उन्ही को वेक्सिनेशन होगा जिन्होंने प्रिस्लॉट बुक कराया है मप्र चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री में जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा 1500 डोज देने का प्रावधान रखा है और 1500 स्लॉट बुक हो चुके है । आपका पहला डोज लगना हो या दूसरे डोज का मैसेज आया हो दोनो ही स्तिथि में प्रिस्लॉट बुक करना वर्तमान व्यवस्था के अंतर्गत आवश्यक है अतः अनुरोध है कि जिनके स्लॉट बुक नही है वह ऐसी भीषण गर्मी में आकर अनावश्यक रूप से परेशान न हो जिनके स्लॉट नही मिल पाए है वह निराश न हो पुनः 22 जुलाई को टीकाकरण होगा जिसके स्लॉट सम्भवतः 20 की शाम या 21 की सुबह से ओपन होंगे कोशिश रहेगी कि इसकी सूचना भी हमारी तरफ से पृथक से दी जाए तब आप बुक करवा कर सुविधापूर्ण तरीके से वेक्सिन लगवा सकते है (

### 'भोपाल में बाजार रात 10 तक खुले रहेंगे-रात्रि कर्फ्यू अब रात 11 से सुबह 6 तक'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे**

भोपाल।कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट,भोपाल अविनाश लवानिया ने दण्ड प्रकिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए सम्पूर्ण भोपाल जिले की राजस्व सीमाओं में आगामी आदेश तक प्रतिबंधात्मक यानि नाईट कर्फ्यू के नवीन आदेश पारित किए हैं ।

जारी आदेश अनुसार सम्पूर्ण जिले में प्रतिदिन रात्रि 11ः00 बजे से प्रातः 06ः00 बजे तक नाईट कर्फ्यू रहेगा । समस्त प्रकार की दुकानें, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, निजी कार्यालय, शापिग मॉल, जिम, रेस्टोरेंट एवं क्लब रात्रि 10.00 बजे तक खुल सकेंगे । समस्त रेस्टोरेंट एवं क्लब 100 प्रतिशत क्षमता से तथा सभी सिनेमाघर, थियेटर, जिम, फिटनेस सेंटर एवं स्पा कुल क्षमता के 50प्रतिशत की सीमा तक कोविड -19 प्रोटोकॉल की शर्तों का पालन करने पर संचालित किये जा सकेंगे ।

समस्त स्कूल,कॉलेज और कोचिंग संस्थान बंद रहेगे । आनलाईन क्लासेस चल सकेंगी । प्रशिक्षण कार्यक्रम हाल की क्षमता के अधिकतम 50प्रतिशत क्षमता के साथ संबंधित एस0 डी0 एम0 को पूर्व सूचना देकर किये जा सकेंगे । विवाह आयोजनो में दोनो पक्षों के मिलाकर अधिकतम 100 लोगों के साथ ही कोविड -19 प्रोटोकॉल की शर्तों का पालन किये जाने की शर्तो पर अनुमति रहेगी । इस प्रयोजन के लिये विवाह समारोह में उपस्थित होने वाले अतिथियों के नाम की सूची आयोजक को सम्बंधित क्षेत्र के एस0डी0एम0 को आयोजन से पूर्व प्रदाय किया जाना आवश्यक होगा । अधिकतम 50 व्यक्तियों के साथ अंतिम संस्कार की अनुमति रहेगी । सब्जियां, फल फूल के थोक बाजार नगरीय क्षेत्र के बाहर एवं निर्धारित स्थानों पर कोविड -19 प्रोटोकॉल की शर्तों का पालन करते हुए संचालित हो सकेंगे । देशी,विदेशी मदिरा दुकाने ,भांग और भांग घोटा दुकाने शासन द्वारा निर्धारत समय तक खुल सकेंगी । अन्य समस्त प्रावधान यथावत लागू रहेंगे। आदेश से व्यथित व्यक्ति दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 ( 5 ) के अंतर्गत अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा, अत्यंत विशेष परिस्थितियों में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जिला भोपाल के संतुष्ट होने पर आवेदक को किसी भी लागू शर्तो से छूट दे सकेंगे । यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा । इस आदेश का उल्लघंन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी ।

# 'पूर्व विधायक शिवशंकर समाधिया ने दिग्विजयसिंह और बॉबी की मुलाकात पर किया पलटवार'

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)।भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मध्य प्रदेश संगठन कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य अटेर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक शिव शंकर समाधिया ने इंदौर मैं कांग्रेस सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह कुख्यात भू माफिया बॉबी की मुलाकात पर पलटवार करते हुए कहा कि जो दूसरों पर रेत खदान से लेकर के अपराधियों को संरक्षण देने के आरोप लगाते थे इस मुलाकात से यह स्पष्ट हो गया कि दिग्विजय सिंह की बंद कमरे में कुख्यात अपराधी भू माफिया रणवीर सिंह उर्फ बॉबी से चर्चा प्रदेश की जनता को क्या संदेश देती है इससे यह स्पष्ट हो गया कि 2018 में कमलनाथ के नेतृत्व बाली सरकार और दिग्विजय सिंह रेत माफियाओं से लेकर ऐसे कुख्यात माफिया को खुलेआम संरक्षण देती रही इस संबंधों से अब स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेश भू माफिया को संरक्षण देती हुई जमीन जमीनों और रेत के अवैध खदानों का संरक्षण इनकी सरकार में होता रहा 7

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व विधायक शिव शंकर समाधिया ने कहा पूर्व कमलनाथ की कांग्रेस सरकार में जो लोग भाजपा पर रेत के अवैध खदानों का आरोप लगाते रहे वह आप इस मुलाकात से चुप क्यों बैठे हैं ऐसे कई उदाहरण है भिंड के पूर्व प्रभारी मंत्री रहे उनके भांजे जमील अहमद एक माह तक भिंड सर्किट हाउस पर कांग्रेस सरकार के पूर्व मंत्रियों के संरक्षण में रेत के अवैध खदानों संचालन होता रहा जिस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी कांग्रेस सरकार में और रात्रि रात में कांग्रेस मंत्रियों के दबाव में उसे भिंड से निकाल दिया गया आकर दिग्विजय सिंह भू माफिया को अपने पाले में संरक्षण देते रहे और दूसरों पर आरोप लगाते रहे वे अपने गिरेबान में झांक कर देखें कि 15 मिनट तक आखिर क्या चर्चा होती रही इसका प्रमाण दिग्विजय सिंह को प्रदेश की जनता के सामने देना चाहिए द्य

भाजपा नेता पूर्व विधायक समाधिया ने दिग्विजय सिंह को आड़े हाथों लेते हुए कहा 2010 मैं इंदौर के विभिन्न थानों में रणवीर सिंह उर्फ बॉर्बी के अपराधिक घटनाएं और जमीनी भूमाफिया अवैध कब्जा के मामले पंजीबद्ध है । पूर्व विधायक समाधिया ने कहा कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह प्रदेश की जनता के सामने रणवीर सिंह उर्फ बॉबी भू माफिया से उनके क्या संबंध है वह उसको स्पष्ट करें जिससे हकीकत मालूम हो सके और दिग्विजय सिंह जो प्रदेश की शिवराज सिंह सरकार पर रेत और भूमाफिया को लेकर आरोप लगाते रहे जबकि प्रदेश की शिवराज सिंह के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा भू माफियाओं पर पूर्ण रूप से शिकंजा कसने की कार्रवाई ताबड़तोड़ होने लगी तो कांग्रेस के लिए तो इसका विरोध करने लगे ।

उन्होंने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा भोपाल मैं जमीन को लेकर जो आंदोलन किया था वह उनका एक राजनीतिक नौटंकी थी,और इस जमीन पर किसी भू माफियाओं का कब्जा कराने का प्रयास कर रहे थे साथी इस आंदोलन से सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश की लेकिन अब भू माफिया वह भी मुलाकात से यह स्पष्ट हो गया कि उनके अवैध संबंध कुख्यात भू माफियाओं के संरक्षण में रहे हैं ।

पूर्व विधायक समाधिया ने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से आग्रह किया है कि इस मामले को अपने संज्ञान में लेकर दिग्विजय सिंह और भू माफिया कुख्यात अपराधी की मुलाकात की जांच करा कर कठोर कार्रवाई की जाए ।

# युवा मंडल द्वारा सिमरिया टांका में निकाली वृक्ष लगाओ-पर्यावरण बचाओ रैली

**विवेक चौहान रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर / गिर्द विकास युवा मण्डल सिमरिया टांका, जिला ग्वालियर के सभी युवा साथियों द्वारा दिनांक 17-07-2021 को वृक्षारोपण हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए मंडल के संचालक श्री गजेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ रैली का आयोजन ग्राम में किया गया, इस अवसर पर मंडल के साथियों द्वारा पूरे ग्राम में जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमे युवा मंडल के सदस्यों द्वारा उत्साह पूर्वक भाग लिया, एवं ग्रामीणों को अपने अपने घरों और खेत पर 5-5 पेड़ लगवाने के संकल्प लिया गया, ग्राम में घर घर जाकर ग्रामीणों को प्रेरित किया एवं उन्हें बताया कि पर्यावरण को बचाने के लिए वृक्ष लगाना अति आवश्यक है, वृक्षों से हमें स्वच्छ वायु व

ऑक्सीजन मिलती है जो हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी है, कोरोना महामारी के समय जिस तरह ऑक्सीजन की कमी देखने को मिली उसे देखते हुए हम सभी को अधिक से आधिक वृक्ष लगाना है, इस अवसर पर युवा मंडल के साथी गजेन्द्र रावत डॉक्टर विनोद जाटव, अमृतलाल जाटव, वीरेंद्र रावत, महेन्द्र रावत, सोवरन जाटव, सुनील बाथम, अभिषेक राठौर, दीपराज कुशवाह, वलवीर शाक्य, मनोज शाक्य, मनीष नामदेव, अभिषेक जाटव, रिंकू शर्मा, दिनेश बाथम, आशाराम राठौर आदि शामिल रहे, जिन्होंने ग्रामों की गलियों व मोहल्लों में जाकर लोगों को वृक्ष लगाने के लिए जागरूक किया, युवा मंडल द्वारा इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम पूर्व में भी आयोजित किये गए हैं व ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को वेक्सीन लगवाने, आयुष्मान कार्ड बनवाने के प्रति जागरूक किया है, युवा साथियों का बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आशा है कि भविष्य में भी आप सभी इसी तरह से मंडल के कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान करेंगे।

## 'इंदरगढ़ नगर दाल मिल रोड पर बुंदेला सरकार प्रीत सरकार पर भंडारे का हुआ आयोजन

**विवेक सेन संवाददाता**

**पुष्पांजली टुडे**

इंदरगढ़ / समस्त भक्त जनों के सहयोग से नी भंडारे का शुभारंभ हुआ था श्री प्रीत सरकार के दरबार में जो भी भक्त जनों की मनोकामनाएं

पूरी होती हैं इसमें उपस्थित रहे श्री बज्जू बालाजी श्री राजू बालाजी श्री बाले महाराज श्री माननीय जिला अध्यक्ष श्री सुरेंद्र बुधौलिया पूर्व विधायक श्री राधेलाल बघेल पूर्व विधायक श्री प्रदीप अग्रवाल मंडल अध्यक्ष श्री राम लखन सिंह गुर्जर तहसीलदार सुनील भदोरिया वाईएस तोमर थाना प्रभारी श्री परमानंद शर्मा सी ,एम,ओ ,महेंद्र सिंह यादव श्री रामस्वरूप मंडलिया जी श्री हरकिशन कुशवाह सभी नगर वासियों उपस्थित रहे।

## दतिया पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर का जन्मदिन समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने 11 पेड़ लगाकर धूमधाम से मनाया

दतिया पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर का जन्मदिन आज समाज सेवा टीम के संयोजक श्याम ठाकुर के नेतृत्व में हवन पूजन व 11 पर लगाकर धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम को समाज सेवा टीम के संयोजक श्यामू ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि एसपी साहब के द्वारा किए जा रहे जनहित सेवा कार्य गौ सेवा के कार्य हम सभी युवाओं को सदैव प्रेरणा देते हैं और प्रशासनिक सेवा में रहकर भी समाज सेवा की जा सकती है जो कि एसपी महोदय के द्वारा सदैव की जाती है वह हम सभी को सदैव प्रेरणा देते हैं इस अवसर पर भागवताचार्य बहन सरस किशोरी बहन श्यामा किशोरी संगीत आचार्य गंभीर भैया निर्वेद सविता गोपाल कुशवाहा केदार बघेल आदि जन उपस्थित रहे अंत में कार्यक्रम का आभार व्यक्त मनमोहन सविता द्वारा किया गया।

# 'अटेर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल श्री बौरेश्वर धाम मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए'

### (बौरेश्वर धाम पर 1000 लोगों के बैठने की व्यवस्था हेतु बनाया जाएगा सत्संग हॉल)

**नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे**

अटेर/भिण्ड(ब्यूरो)। अटेर विधानसभा क्षेत्र के बरसों पुराने श्री बौरेश्वर मंदिर परिषद के जीर्णोद्धार के लिए मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री अटेर विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ अरविंद सिंह भदौरिया के नेतृत्व में जीर्णोद्धार किया जाएगा यह मंदिर बरसों पुराना है जहां महाशिवरात्रि के पर्व से लेकर अनेक धार्मिक कार्यक्रमों के तहत हजारों लोग दर्शन के लिए आते हैं द्य

मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने श्री बौरेश्वर मंदिर धाम कमेटी के साथ पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने मंदिर परिषद का निरीक्षण किया और उनसे जुड़े उद्धार के लिए विस्तृत चर्चा की । सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया के भाई देवेंद्र सिंह भदोरिया नए बौरेश्वर कमेटी के इस सदस्यों के साथ चर्चा करते हुए

बताया की मंदिर परिषद का विकास किस ढंग से किया जाए जिस पर उन्होंने प्रस्ताव रखा और अपने सुझाव कमेटी और ग्रामीण जनों के माध्यम से प्राप्त किए ।

श्री बौरेश्वर मंदिर धाम में पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने मंदिर परिषद की नापतोल भी की और तालाब के सौंदर्य करण नक्शा तैयार किया गया जनभागीदारी से बनाए गए पार्क का अवलोकन किया पार्क में खोदे गए बोरवेल मैं मोटर की व्यवस्था एवं मंदिर प्रसाद में 1000 लोगों के बैठने की व्यवस्था हेतु सत्संग भवन बनाने का घोषणा की गई जिसका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कर दिया जाएगा । बौरेश्वर मंदिर परिषद मैं जो भी व्यक्ति आता है भगवान भोलेनाथ उसकी सभी मनोकामना को पूर्ण करते हैं सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया के प्रयासों से किए जा रहे हैं विरुद्धार्थी मंदिर कमेटी एवं ग्रामीण जनों ने भरपूर सराहना की ।

इस अवसर पर नमो नारायण दीक्षित, डॉ इंद्र प्रकाश त्रिपाठी, सुभाष बौहरे, रामजीलाल शर्मा, किशन बिहारी पांडे, रामनरेश जयपुरिया, प्रेम सिंह चौहान, कुलदीप सिंह भदौरिया,पंडित बालकृष्ण शर्मा एवं ग्रामीण जन भी शामिल थे ।

# बुरहानपुर में पौने दो सौ करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे**

बुरहानपुर। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पूर्व सांसद स्व. नंदकुमार सिंह चौहान के अधूरे सपनों को साकार करने में प्रदेश सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। बुरहानपुर जिले के विकास के लिए उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बिना नंदू भैया के बुरहानपुर जिले के विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती। मुख्यमंत्री श्री चौहान बुरहानपुर के परमानंदजी गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लगभग पौने दो सौ करोड़ रूपये के विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। इनमें 106 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और 67 करोड़ रूपये की लागत के विकास कार्यों का भूमि-पूजन शामिल है।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप जला कर किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कन्या-पूजन भी किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत नागरिकों को उनके घर तक पाईप लाईन और नल के माध्यम से पर्याप्त पानी उपलब्ध कराना है। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि बुरहानपुर में आगामी 25 सितम्बर तक हर घर में नल से शुद्ध पानी पहुँचाना सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कोविड-19 की तीसरी संभावित लहर की तैयारियों के संबंध में जिला प्रशासन द्वारा तैयार कार्य-योजना पुस्तिका और बुरहानपुर जिले के आत्म-निर्भर रोडमेप-2023 संबंधी पुस्तिका का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 5 चिकित्सक का कोरोना योद्धा के रूप में सम्मान किया और शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों से वर्चुअली चर्चा की।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बुरहानपुर जिला प्रशासन द्वारा कोविड-19 की रोकथाम के लिए किये गये कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सीमा पर स्थित होने के बावजूद इस जिले में कोरोना को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया गया है। पिछले 33 दिनों से बुरहानपुर जिले में एक भी कोरोना का पॉजिटिव केस नहीं आया है। इसके बावजूद भी कोरोना से बचाव के लिए मास्क लगाने और सोशल डिस्टेंसिंग की आदत को छोड़ना नहीं है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोविड संक्रमण की रोकथाम के संबंध में बुरहानपुर मॉडल की देश भर में

प्रशंसा हो रही है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बुरहानपुर सबसे मीठे केले के लिए देश-विदेश में जाना जाता है। केले की गुणवत्ता में और सुधार कर इसका निर्यात बढ़ाया जायेगा।

प्रभारी मंत्री प्रेम सिंह पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में बुरहानपुर जिला तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि बुरहानपुर के विकास को और गति दी जायेगी। विधायक ठा.सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि जिले का भू-जल स्तर प्रदेश में सबसे कम है। अतः यहाँ सिंचाई एवं पेयजल के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के लिए इंदिरा सागर का पानी खण्डवा जिले से नहर के माध्यम से लाने की आवश्यकता है। उन्होंने इसके लिए सिंचाई योजना स्वीकृत करने का अनुरोध किया। नेपानगर विधायक श्रीमती कास्डेकर ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को नेपानगर में हुए विकास कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। पूर्व मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ने गत 15 वर्षों में बुरहानपुर जिले में कराये गये विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री श्री चौहान का आभार माना। उन्होंने ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना को स्वीकृत कराने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बुरहानपुर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में ÷अटल स्मृति स्मारक÷ का लोकार्पण किया। उन्होंने स्मारक में पुष्पांजलि भी अर्पित की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने यहाँ पौध-रोपण भी किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ÷मास्क अप बुरहानपुर÷ अभियान का शुभारंभ भी किया। उन्होंने बुरहानपुर जिले की पहचान ''केले की फसल'' के प्रतीक चिन्ह को मास्क लगाकर नागरिकों को मास्क लगाने के लिए प्रेरित भी किया।

## वन-टू-वन

# स्वदेशी आहार रखे सेहत को बरकरार

**गुड़ + नारियल = बुद्धिवर्धक (गणपती बप्पा का प्रसाद)**

**गुड़ + मूंगफली = शक्तिवर्धक (श्री हनुमान का प्रसाद)**

*तिल + गुड़ = कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन + जिंक + सेलेनियम*

*हृदयरोग के लिए फायदेमंद और ठंड के मौसम में शरीर को गर्म रखने के लिए उपयोगी ! सेलेनियम - कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने से रोकने में मदद करता है !*

**गोंद के लड्डू या राजगिरा के लड्डू गुड-देसी घी रोटी, मूंगफली की चिक्की या भीगे हुए चने, चना, लाह्या (पापकॉंन)**

*यदि हम ऐसे कई पदार्थों के मिश्रण केमीकल कंम्पोजिशन को देखे तो, वे शरीर के लिए फायदेमंद होंगे...*

*हमें केवल त्यौहारों को मनाने के लिए सिखाया जाता है, इसके पीछे का विज्ञान, उस वातावरण में उसी वातावरण का ही भोजन क्यों खाते हैं ? यह सिखाया नहीं जा रहा है, अगर यह सिखाया तो Born Vita, काम्प्लेन कौन पीएगा ?*

*हमारे पूर्वज, योद्धा, यदि Born Vita, काम्प्लेन तो नहीं पीते थे, है ना ?*

**तो क्या वह कमजोर, शक्तिहीन थे ?**

*अरे, हमारा एक मराठा - मावला अकेले ही लड़ता था 50-50 दुश्मनों से...*

**कौन से व्हे प्रोटीन, क्रिएटिन थे ?**

*इसके अलावा, हमारे पूर्वज इतने बुध्दमान थे कि उन्होंने अपार खोज की ! क्या उन्होंने कोई विटामिन टॉनिक पी थी ?*

*हमारे पूर्वज सभी स्वदेशी खाद्य पदार्थों का नियमित रूप से सेवन करते होंगे, इसीलिए हमारी वर्तमान पीढ़ी की तुलना में वो अधिक सशक्त थे ! स्वस्थ और अधिक बुद्धिमान थे, इसलिए 18-19 वर्ष की आयु में वाग्भट्टजी ने पूरा आयुर्वेद, आर्यभट्ट का पूरा भमिती बीजगणितीय ज्ञान, ज्ञानेश्वरी ने लिखी, उस समय के लोग...*

**वह कौनसा टॉनिक पी रहे थे ?**

*एक सवाल अपने आप से पूछें ?*

*इसके अलावा कोई हानिकारक केमिकल का अन्न नहीं था, देसी गाय का दूध भी शुद्ध जो कि बहुत ही गुणकारी होता है*

*हम हजारों वर्षों से विज्ञान में आगे थे ! इसलिए आवश्यकता है हमें अपने पुराने आहार व्यवस्था कि जिससे हम बल और बुद्धि दोनों में सशक्त हो पाए*

***डॉ. जयदीप सिंह भदोरिया**

*विकास खंड तकनीकी प्रबंधक ÷आत्मा÷ विकास खंड, कैलारस*

***शिव कुमार सिंह भदोरिया**

*राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर*

# 'बैंकर्स हितग्राही को समय पर ऋण दे और अंडर फायनेंस न करे:कलेक्टर'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे**

छतरपुर।कलेक्टर शीलेन्द्र जी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष छतरपुर में डीएलसीसी समीक्षा बैठक में कहा कि बैकर्स हितग्राही को समय पर ऋण दे और किसी भी स्थिति में अंडर फायनेंस न करे। इसी तरह पीएम स्वनिधि योजना में स्वीकृत प्रकरणों में तुरंत ऋण राशि दे और हितग्राहियों से लिये जाने वाले दस्तावेज की जानकारी एक ही बार में पूर्ण रूप से बताएं, जिससे हितग्राहियों को बार-बार परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर एवं गरीब वर्गो की सेवा के लिये बैकर्स भी कम से कम समय में जल्दी से जल्दी स्वीकृत प्रकरणों में तुरंत ऋण राशि प्रदाय करे।

बैंकर्स और हितग्राही मूलक योजना से जुड़े विभागीय अधिकारी योजना का लाभ हितग्राहियों को त्वरित रूप से दिलाने के लिये प्रकरण की स्वीकृति के साथ-साथ ऋण वितरण व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिये सिंगल विन्डों सिस्टम विकसित करे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत, एसबीआई बैक रीजनल मैनेजर, लीड बैक प्रबंधक सहित हितग्राही मूलक योजना से जुड़े विभागीय अधिकारी तथा संबंधित बैकों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैक ऑफ इंडिया में शासकीय योजना के फंड जमा नही करे और खाते भी बंद करे।

बिना जानकारी के आए प्रतिनिधि को बैठक से किया बाहर,कलेक्टर ने डीएलसीसी की समीक्षा बैठक पाया कि बैक ऑफ इंडिया छतरपुर द्वारा प्रशासन को न तो सहयोग किया जा रहा है और न ही दिये गये एजेडा के अनुसार निर्धारित प्रपत्र में समीक्षा हेतु जानकारी भेजे गई न ही बैक प्रमुख बैठक में उपस्थित हुये। यही नही छतरपुर बैक ऑफ इंडिया के शाखा प्रमुख द्वारा भेजे गये प्रतिनिधि के साथ एजेडावार जानकारी भी भेजी गई। कलेक्टर ने ब्रांच मैनेजर के आचरण को कदाचार एवं सिविल सेवा नियम के विपरीत मानते हुये गंभीरता से लिया उन्होंने जिला अधिकारियों को निर्देश दिये कि बैक ऑफ इंडिया की शाखाओं में शासकीय योजना की जमा कराई गई राशि तुरंत निकाली जाये और खाते भी बंद करे।

कलेक्टर ने निर्देश दिये कि बैकर्स बड़े डिफाल्टर्स से बकाया राशि की वसूली के लिये लिस्ट बनाकर कार्यवाही करे। विभागीय अधिकारियों से कहा गया कि हितग्राहियों के जिस बैक खाते हो उसी बैक में ऋण स्वीकृति के प्रकरण भेजे। पीएम स्वनिधि योजना में जुलाई माह के अंत तक भेजे गये प्रकरणों में से 75 प्रतिशत में ऋण राशि वितरित करे।

बैकों से कहा गया कि संकल्प से सिद्धी से जुड़ी हितग्राही मूलक योजना में पीएम स्वनिधि योजना में जिन हितग्राहियों को ऋण दिया गया है। उन्हें दूसरी योजना से जोड़े और जो हितग्राही ऋण की किस्त चुका रहे है। उन्हें ऋण स्वीकृत करे। इसके लिये नगरपालिका छतरपुर द्वारा आयोजित शिविर में बैक भी प्रतिनिधि भेजे। इस बैठक में दुग्ध पालन कृषकों का जीवन स्तर सुधारने के लिये तत्परता से ऋण दे। आरसेटी प्रशिक्षण प्रदायदाता बैक से कहा गया कि फैन्सी ड्रेस डिजाईनर का प्रशिक्षण दे। बैकों से कहा गया कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का सतुष्टीपूर्वक समाधान करे।

**बापूजी दरबार की यात्रा को लेकर बैठक में चर्चा हुई**

# रघुवंशी नायक समाज समिति की बैठक संपन्न हुई

**विनोद पाठक ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

श्योपुर रघुवंशी नायक समाज समिति की एक बैठक वैष्णव धर्मशाला फक्कड़ चौराहे पर आयोजित की गई जिसमें बापूजी दरबार की यात्रा को लेकर चर्चा की गई यात्रा 25 जुलाई रविवार को गणेश जी के मंदिर से प्रारम्भ होकर पापू जी के दरबार के लिए प्रस्थान करेगी उक्त बैठक में रघुवंशी नायक समाज के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मिलित हुए जिलाध्यक्ष देवी शंकर नायक की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई जिसमें सम्मिलित पदाधिकारी परसराम चंद्रपुरा, महावीर भसुन्दर, अमृत लाल रायपुरा, राजू भीमराज, प्रेमसर, कालू लाल प्रेमसर, महावीर रन्नौद, जगदीश राजू हलगांवडा, रामसिंह खेड़ा, चंद्र प्रकाश उतनवाड़, राकेश सोठवा, राहुल रन्नोद, दीपक प्रेमसर, महावीर खेड़ा, अजय विशाल यश कुमार खातोली, राकेश रायपुरा, मुकेश रायपुरा, कालू लाल दिनेश विष्णु बमोरी, मोनू नायक पचीपुरा, मकरध्वज बजली, गोलू नायक बाजली, अमर सिंह प्रेमसर से अध्यक्ष कन्हैया लाल, संयोजक भरत नायक रघुवंशी, नायक समाज समिति के कार्यकर्ता एवं जिलाध्यक्ष देवी सिंह नायक, रामलखन नायक जिला उपाध्यक्ष, लक्ष्मीनारायण जिला कोषाध्यक्ष, सोनू नायक जिला सचिव, टिंकू नायक प्रचार मंत्री, चंदन नायक, नायक समाज कार्यकर्ता राजू भाई, व्यवस्थापक रुकमाल नायक आदि बैठक में उपस्थित रहे!

# तामिलनाडु सरकार देवस्थान मंत्री का स्वामी तेजानंद महाराज ने शॉल ऑढोकर किया समांनित

**पुष्पाजली टुडे**

चैन्नई –तामीलनाडु सरकार के देवस्थान मंत्री पि के सेगरबाबु आज सुबह 7बजे पेरीयपालीयम श्री भवानी मॉ के मंन्दिर पहुंचने पर भारतीय उधीयोग व्यापार मंडल वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री एवम तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द ने म?त्री महोदय का सोल ओढाकर स्वागत किया इस कार्यक्रम मे पेरीयपालीयम पुलीस स्टेशन के पुलिस इंस्पेक्टर मोजुद थे।

# भूखे-प्यासे नन्हे मुन्नों की भूख प्यास का सहारा बनी खाकी

**थाना प्रभारी सकरौली द्वारा नन्हे-मुन्ने बच्चों को कोल्ड ड्रिकं व भोजन के पैकेट किये वितरित**

**सोनू कुमार माथुर ब्यूरो,पुष्पांजली टुडे**

*एटा। थाना सकरौली प्रभारी सत्यवीर सिहं ने भीषण गर्मी के इस मौसम में जब आम आदमी गर्मी से व्याकुल है, इस दौरान उन्होनें लीक से हटकर अपने निजी फण्ड से नन्ने मुन्ने बच्चों को कोल्डड्रिकं व भोजन के पैकेट वितरित कर मानवीय संवेदना का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुऐ यह अभिव्यक्ति स्पष्ट करने का प्रयास किया है कि अपराध की सरजमीं को नेस्तनाबूद करने का निरतंर प्रयास करने वाली खाकी के अन्दर व्यक्तिगत जीवन में मानवीय संवेदनाऐं भी छुपी रहती हैं, यूं ही खाकी हर किसी की दुश्मन न होकर स्वंय अपनी कुर्बानी देकर आमजनमानस को भयमुक्त वातावरण देने का प्रयास करती है, यदि खाकी अपराधियों के लिऐ दुश्मन है तो वह अमन पसंद लोगों की मित्र भी है ! बहराहल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शकंर सिहं के निर्देशन में खाकी ने जिले में मानवीय संवेदनाओं के कई अनूठे अविस्मरणीय उदाहरण प्रस्तुत किऐ हैं जिनकी धरातल पर जनता जनार्दन द्वारा सराहना की जा रही है।*

**पांच दिन पूर्व कार लूट की घटना का सफल अनावण**

# लूटी हुई कार के कागजात एवं नगदी सहित दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

एटा। विजय कुमार पुत्र रामखिलाड़ी निवासी ग्राम रेनोसा थाना जलेसर ने थाना निधौली कलाँ पर लिखित सूचना दी की वह टैक्सी चलाने का कार्य करता है तथा 2 दिन पूर्व एक अज्ञात मोबाइल नंबर से अलीगढ़ जाने के लिए गाड़ी बुक करने का फोन आया, गाड़ी बुक करने के उपरांत उनको जब वह अलीगढ़ ले जाने लगा तो रास्ते में उन्होंने 2 लोगों को और बिठाया। रास्ते मे ही उन्होंने उल्टी करने का बहाना बनाया व उसको बंदी बना कर उसकी कार फोर्ड फीगो मोबाइल फोन सेमसंग और 2200 रुपये लूट कर ले गए इस सूचना पर थाना निधौली कलां पर पंजीकृत किया गया।

घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने थानाध्यक्ष निधौली कला व प्रभारी इंटेलिजेंस विंग को घटना के अनावरण हेतु निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना निधौली कलाँ पुलिस एवं इंटेलिजेन्स विंग द्वारा मुखबिर की सूचना पर नगरिया मोड़ से दो अभियुक्तों अवनीश उर्फ अक्कू पुत्र नेपाली निवासी लालपुर हेतु थाना निधौली कला सुवेश कुमार उर्फ लाला पुत्र विनोद निवासी रूपसपुर थाना निधौली कला को गाड़ी के कागजात, अन्य प्रपत्र व नगदी सहित गिरफ्तार किया गया है।

# समाज से बढ़कर कोई सेवा नही : चोयल

**सीरवी समाज वौपारी प्रवासी बैगलुरू श्री सीरवी समाज वडेर बलेपेट में मिंटिग का आयोजित किया गया**

**पुष्पाजली टुडे**

बेंगलुर – शनिवार सुबह 11.15 बजे श्री आईमाताजी का दीप प्रज्वलित अध्यक्ष चेनाराम चोयल द्वारा किया गया सचिव नारायणलाल पंवार, एवं सभी सदस्यों ने श्री आईमाताजी की आरती कर मीटिंग की शुरूआत की जिसमे आईमाताजी वडेर मन्दिर वोपारी का लगभग 80त्न कार्य पूर्ण होने की बात हुई साथ में वेडर की जगह पर भवन निर्माण एवं सड़क की तरफ दुकाने बनाने की चर्चा शुरू हुई ओर आठ दुकानें बनेगी और सभी दुकानों के भामाशाह हैदराबाद मिंटिग में तेह हुए भवन निर्माण में चेनाराम चोयल ,वेनाराम चोयल, वेरा नोकडा, चुन्नीलाल पंवार वेरा निम्बडीया हैदराबाद, वालो ने भवन निर्माण में अहम् सहयोग देने का अवसासन दिया ।सीरवी समाज वौपारी प्रवासी बैगलुरू बन्दुऔ की ओर से मीटिंग में पधारे श्री सीरवी समाज बलेपेट की कार्यकारिणी हैदराबाद से चेनाराम चोयल चेनाराम काग, चैन्नई से पधारे मगाराम पवार, डुगाराम चोयल,हरिराम चोयल, नारायणलाल चोयल, सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। मिंटिग में प्रसाद के लाभार्थी भुन्डाराम पवांर सुपुत्र स्वर्गीय आदाराम वेरा निम्बडीया वालो का तेहदिल से आभार व्यक्त किया यह जानकारी नारायण लाल सीरवी चोयल रॉयोपेट्टा चैन्नाई ने दी गई।

# साध्वी डॉ. कुमुदलता आदि ठाणा-4 के चातुर्मास निमित्त प्रवेश में बनूर डॉ.महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने लिया भाग

**पुष्पाजली टुडे**

मैसूरु - गुरूभक्त वर्षावास समिति 2020 मैसूरु का एक शिष्टमंडल तमिलनाडु स्थित कोयंबटूर पहुंच कर साध्वी वृंद के दर्शन वंदन कर आशीर्वाद लिया द्य कोयंबटूर स्थानकवासी जैन संघ के तत्वावधान में साध्वी कुमुदलता आदि ठाणा-4 का चतुर्मास निमित्त प्रवेश हुआ द्य साध्वी वृंद राजस्थानी संघ भवन से सकल संघ के साथ पदयात्रा करती हुई स्थानक भवन पहुंची द्य मंगलाचरण से धर्मसभा का शुभारंभ हुआ द्य इसमें मैसूरु, चेन्नई, बेंगलुरु, मुंबई, पुणे, हैदराबाद आदि दूरदराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में गुरूभक्त पहुंचे । जिनका कोयंबटूर स्थानकवासी जैन संघ की ओर से बहूमान किया गया द्य साध्वी कुमुदलता ने प्रवचन के माध्यम से चातुर्मास का महत्व बताते हुए श्रद्धालुओ से ज्यादा से ज्यादा धर्म साधना करने की प्रेरणा दी द्य इस अवसर पर बनूर महेन्द्र सिंह राजपुरोहित, गुरुभक्त वर्षावास समिति मैसूरु - श्रीरंगपट्टण के मानमल दरला, उम्मेदराज राँका, विजयराज राँका, मुन्नालाल सेठिया, गौतमचंद बाफना, विनोद दरला, रतन मूथा, प्रकाश मुथा,कोयंबटूर स्थानकवासी जैन संघ के पदाधिकारी व सदस्य सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे ।

## वन-टू-वन

### समाज को नारी स मान के प्रति जागरूक कराती फिल्म कलियुग

**ग्वालियर।** सतयुग से लेकर कलियुग तक हमने नारी शक्ति को देखा है , नारी यदि सती है तो काली भी। अगर संसार में नारी का अपमान होगा तो उसे काली का रूप धारण करना ही पड़ेगा यही संदेश लेकर आ रही है फिल्म कलियुग। फिल्म की कहानी बलात्कार के ऊपर है जहा आज कोई भी इस मुद्दे पर चर्चा नहीं करना चाहता वहीं युवा कलाकार हितेश सिकरवार ने समाज को इस मुद्दे पे शिक्षित करने का जि मा उठाया है। फिल्म की शूटिंग ग्वालियर में हुई है और इस फ़िल्म में ग्वालियर के कई उभरते सितारे हमें देखने को मिलेंगे। इस फ़िल्म के लेखक और निर्देशक हितेश सिकरवार हैं और सिनेमेटोग्राफर लोकेश कुशवाह , रोहित दुबे है। हाल ही में फिल्म कलियुग का ट्रेलर रिलीज हुआ है और जल्द ही 18 जुलाई को यूट्यूब चैनल - Kunwar Hitesh Production पर फ़िल्म देखने को मिलेगी । फिल्म की मु य भूमिका में मधुमिता नार्वे , हितेश सिकरवार , रेनू झवार , जागृति शर्मा , प्रिया भदौरिया , गौरव संतवानी , विकास नरवरिया , सौरव भदकारिया , विशाल बाथम , हिमांश तोमर , शिवकुमार रघुवंशी, यश रघुवंशी , रिंकू पुरिया , मंजूलता , हिमांशु शर्मा , प्रिंस शर्मा , अनूप यादव , बेताल केन , सागर शर्मा आदि नजर आएंगे । हम इन सभी कलाकारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और बधाई देते हैं ।

### प्लॉट के नाम पर 75 लाख की ठगी

**ग्वालियर।** एक प्रॉपर्टी डीलर ने अपने परिचित को प्लॉट दिलाने के नाम पर ?75 लाख की चपत लगा दी ।पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर जांच के बाद आरोपी के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार महाराजपुर थाना क्षेत्र के पदमपुर खेरिया निवासी सुरेंद्र सिंह प्राइवेट जॉब करते हैं। गांव के पास ही न्यू विवेक नगर निवासी संदीप चौहान प्लॉटिंग कर रहा था ।उस दौरान उनकी आपस में जान पहचान हो गई इसी भी संदीप चौहान ने सुरेंद्र सिंह को बताया कि जड़ेरूआ कला के पास उसके पिता की जमीन है ।जहां वह प्लॉट काट रहा है। और प्लॉट सस्ते में मिल जाएगा। जो आने वाले दिनों में उसे लाभ देगा ।सुरेंद्र सिंह संदीप की बातों में आ गए और दो प्लॉट का सौदा कर उन्होंने अपनी जमीन बेचकर ?75 लाख एडवांस दे दिया ।जब सुरेंद्र ने संदीप चौहान से रजिस्ट्री करने को कहा तो यह आजकल करने लगा। इसी भी सुरेंद्र ने जांच पड़ताल की तो पता चला कि जिस जगह प्लॉट है वही जमीन चन्दर भान की जगह किसी राम बहादुर सिंह की है ।इसके बाद जब सुरेंद्र संदीप से अपने रकम वापस मांगी तो संदीप ने उसे धमकी दी ।इसके बाद सुरेंद्र ने थाने आकर शिकायती आवेदन दिया। पुलिस ने जांच के बाद संदीप चौहान के खिलाफ सभी ठगी का मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है

### 26 पेटी अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**ग्वालियर।** शहर की जनक गंज थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अयोध्या कॉलोनी में एक स्थान पर दबिश देकर वह मौके से 26 पेटी अवैध शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है पकड़ी गई शराब की कीमत एक लाख बताई गई है ।जानकारी के अनुसार जनक गंज थाना पुलिस को सूचना मिली कि अयोध्या कॉलोनी में एक जगह शराब तस्करों ने गोदाम बना रखा है वहां से शराब की सप्लाई की जाती है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने बताए गए स्थान पर दबिश की दी और मौके से 26 पेटी अवैध शराब बरामद कर वहां से शैलेंद्र रावत और वीरेंद्र सोनी नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है।

### पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज

ग्वालियर । शहर कि महाराजपुरा थाना क्षेत्र में स्थित डीडी नगर में 9 जुलाई को एक महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने जांच के बाद महिला के पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज किया है। मृतका का पति उसे दहेज प्रताड़ना के लिए तंग करता था जिससे परेशान होकर उसने आत्महत्या की थी।

# छात्रा को कोल्ड ड्रिंक में मिलाकर पिलाई शराब फिर किया दुष्कर्म

**ग्वालियर।** ग्वालियर में नर्सिंग छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। छात्रा को उसके ही एक दोस्त ने कोल्डड्रिंक में शराब मिलाकर पिला दी। जब वह नशे में धुत हो गई, तो दोस्त उसे लेकर होटल पहुंचा। यहां उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद छात्रा को आरोपी उसके हॉस्टल के बाहर छोड़कर भाग गया। घटना शनिवार की है। जब छात्रा को होश आया, तो वह पुलिस के पास पहुंची। घटना के समय एक अन्य छात्रा भी उसके साथ थी। उसे भी कोल्डड्रिंक में शराब मिलाकर पिलाई गई थी, लेकिन उसके साथ कुछ नहीं किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

मनकापुर निवासी 22 साल की युवती नर्सिंग छात्रा है। वह कंपू के एक हॉस्टल में रहती है। यहां पढ़ाई के साथ वह हॉस्पिटल में भी काम करती है। शनिवार को वह अपनी सहेली के साथ अस्पताल से ड्यूटी करके वापस आ रही थी। रास्ते में सहेली का दोस्त राहुल पंडित मिला। उन्हें कार में बैठाकर टेकनपुर पर एक मंदिर में दर्शन करने के लिए चलने को कहा। बात मानकर वह कार में सवार हो गई। राहुल उन्हें

जौरासी ले गया। रास्ते में राहुल ने छात्रा से गला खराब होने की बात कहते हुए रम ऑफर की, जिस पर छात्रा ने मना कर दिया।

**फिर कोल्ड्रिंक में मिलाकर पिलाई शराब:** इसके बाद राहुल रास्ते में गाड़ी रोककर कोल्डड्रिंक ले आया। दोनों छात्राओं को पीने के लिए दे दी। कोल्डड्रिंक पीने के बाद उन्हें नशा हो गया। इसके बाद राहुल उन्हें लेकर वापस आया। रास्ते में ही एक रेस्टोरेंट से खाना पैक कराया। आखिर में पड़ाव थाना स्थित एक होटल पहुंचा। यहां खाना खाने के साथ ही राहुल ने उसे कोल्डड्रिंक में ही मिलाकर और पिलाई। इसके बाद जब वह नशे में धुत हो गई, तो रानी के साथ दुष्कर्म किया।

**हॉस्टल के गेट पर छोड़कर भागा:** वारदात के बाद आरोपी उन्हें अपनी कार से हॉस्टल के गेट पर छोड़कर भाग गया। वारदात की शिकार छात्रा जब होश में आई, तो उसने थाने में शिकायत की। पीड़िता ने बताया, आरोपी ने उन्हें इतनी शराब पिलाई थी कि उन्हें यह भी याद नहीं कि वह किस होटल में उन्हें लेकर गया था। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

# एसपीईबी के रिटायर्ड अफसर के घर चोरी

**ग्वालियर।** ग्वालियर में सिर्फ 30 मिनट में चोर MPEB के रिटायर्ड उप महाप्रबंधक के घर के ताले तोड़कर दिनदहाड़े 10 लाख रुपए का माल चोरी कर ले गए। वारदात कुसुमगंज विश्वविद्यालय की है। घटना का पता रविवार को परिवार के वापस लौटने पर चला है।

जब CCTV फुटेज चेक किए तो उसमें 4 संदेही युवक दोपहर 12.25 बजे अंदर जाते और 12.55 बजे बाहर आते दिख रहे हैं। घटना का पता चलते ही पुलिस ने स्पॉट पर पहुंचकर जांच की है। पुलिस ने जांच के लिए फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को भी मौके पर बुलाया है। साथ ही मामला दर्ज कर लिया है। विश्वविद्यालय के कुसुमकुंज निवासी महेन्द्र सिंह सोलंकी पुत्र डीएस सोलंकी MPEB से रिटायर्ड उप महाप्रबंधक हैं। चार दिन पहले वह अपने पैतृक घर अलीगढ़ क्क गए थे। मकान की देखरेख के लिए चौकीदार को छोड़ गए थे। एक दिन पहले चौकीदार किसी काम से चला गया। इसी बीच चोर गिरोह ने सूने मकान पर धावा बोल दिया। चोरों ने सभी कमरों के ताले तोड़कर तीन अलमारियों में रखे करीब दो लाख रुपए और सोने व चांदी के जेवर सहित करीब 10 लाख रुपए का माल समेटा और भाग गए। वारदात का पता रविवार को चला जब वह वापस आए तो पूरे घर के ताले टूटे हुए थे और जेवर व नगदी गायब थी। मामला समझ में आते ही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के लिए फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट के साथ ही डॉग स्क्वॉड को बुलवाया गया। मौके पर पहुंची टीम को घटना स्थल पर कुछ फिंगर प्रिंट मिले हैं।

### ष्टष्टअङ्क कैमरे में कैद हुई घटना

पुलिस ने जब वहां लगे CCTV कैमरे खंगाले तो वारदात को अंजाम देते हुए चोर कैद हुए हैं। जिनमें दो चोर बाहर गेट पर खड़े होकर निगरानी करते दिख रहे हैं और दो अंदर जाकर जेवर-नगदी समेट कर बच्चे के स्कूल में ले जाते कैद हुए हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है।

### पुलिस का कहना

रिटायर्ड MPEB के अधिकारी के घर पर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। घटना स्थल पर लगे CCTV कैमरों में चोर वारदात को अंजाम देते हुए कैद हुए हैं। चोरों की तलाश की जा रही है। जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

### खुशियों की दास्तां स्व-सहायता समूह से जुडकर कमाई के साथ कर रहे हैं बचत - कल्पना

**ग्वालियर।** पहले हम अपने परिवार एवं बच्चों की परवरिश के लिए भी परेशान रहते थे, छोटे-छोटे खर्चों के लिए भी परेशान रहते थे, लेकिन जब से जय मातेश्वरी स्वसहायता समूह से जुडकर घरेलू उत्पाद बनाने लगे हैं, अब नियमित आय प्रारंभ हो गई है तथा अपने परिवार व बच्चों का पालन पोषण भी अच्छी प्रकार से कर पा रहे हैं और कमाई के साथ बचत भी कर रहे हैं। यह कहना है जय मातेश्वरी स्वसहायता समूह में अन्य महिलाओं के साथ बरी, पापड, अचार एवं नमकीन आदि बनाने का कार्य करने वाली सुनारों की बगिया रामदास घाटी, लश्कर ग्वालियर निवासी श्रीमती कल्पना जाटव का। उन्होंने बताया कि पहले हम अपने घर पर ही रहते थे, कोई काम नहीं था और छोटे-छोटे खर्चों के लिए परेशान रहते थे।

# साइकिल रैली निकालकर ग्वालियर ने किया भारतीय खिलाड़ीयो को ओलंपिक्स के लिए चीयर

**ग्वालियर/** सम्पूर्ण देश में चल रही ÷स चीयर फॉर इंडिया की मुहिम भारतीय खिलाड़ियो को टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने के लिए पूरे देश का साथ - रॉक फायर एडवेंचर क्लब ने रविवार को सुबह आई स चीयर फॉर इंडिया साइकिल रैली निकालकर भारतीय खिलाडियो को ओलंपिक्स में पदक जीतने के लिए सुभकमनाएं दी 7

साइकिल रैली का शुभारंभ महाराजा कॉम्प्लेक्स दीन दयाल नगर से किया गया वहीं सिटी सेंटर स्थित तरुण पुस्कर पर रैली में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को ग्वालियर सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने बधाई दी और चीयर फॉर इंडिया की इस मुहिम को सपोर्ट किया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ट नेता सर्वश्री रामेश्वर भदौरिया, पार्षद धर्मेंद्र राणा, निगम खेल अधिकारी सतपाल सिंह चौहान,

पीआरओ मधु सोलापुरकर ने रैली में शामिल सभी युवाओं का उत्साहवर्धन किया। क्लब के अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता ने बताया कि ग्वालियर नगर निगम और स्मार्ट सिटी के संहियोग से इस चीयर फॉर इंडिया साइकिल रैली को दीन दयाल नगर से सिटी सेंटर होते हुए बैजाताल और फिर फूलबाग स्तिथ - आई लव ग्वालियर पर समाप्त किया गया , समापन के अवसर पर स्मार्ट सिटी पीआरओ मनीष मिश्रा , रियल हीरो अवॉर्डी बॉक्सिंग कोच तरनेश तपन , स्विफनिक्स फाउंडेशन के डायरेक्टर सुमित सक्सेना वह गजेंद्र भदौरिया , रॉक फायर एडवेंचर क्लब के डायरेक्टर नीरज कश्यप , रियल यूथ रियल फ्रीडम के डायरेक्टर सागर शर्मा , नृत्यशीस फिटनेस स्टूडियो के डायरेक्टर आशीष दोहरे , टी एच फोटोग्राफी से नितिन सिंह सभी ने भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और साथ ही ओलंपिक खेलों में शामिल खेलो में - जैसे फेंसिंग , बॉक्सिंग , और बैडमिंटन में ग्वालियर शहर के छोटे छोटे खिलाड़ियों का भी सम्मान किया।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478